

दैनिक
# जयपुर टाइम्स
नई सोच नई रफ्तार
जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित
jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt
वर्ष : 10 अंक : 64 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 28 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

भरतपुर में राज्यस्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह

# राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां, अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हो रहा सशक्तः भजनलाल

## 92 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित

जयपुर टाइम्स

जयपुर (निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने इस वर्ष के बजट में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से हमारी सरकार पहले चरण में 5 हजार गांवों में सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएगी और इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। शर्मा ने गुरूवार को भरतपुर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित अन्त्योदय कल्याण समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है तथा इस प्रगति का लाभ प्रदेश में गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। अब अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति सशक्त होने के साथ ही मुख्यधारा में आ रहा है।

### गरीब सशक्त तो देश सशक्त

शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गरीब, युवा, किसान व महिला के सशक्त होने से ही देश और प्रदेश सशक्त होगा। इसी सोच के साथ हमने सरकार में आते ही गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर राहत प्रदान की है और श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद व्यक्ति को गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।



### ब्रज की भूमि से अन्त्योदय का विचार पहुंचेगा देश-प्रदेश तक

मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल व राजस्थान के एकीकरण में योगदान देने वाली विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि 30 मार्च 1949 को वृहद राजस्थान भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। इसीलिए हमारी सरकार ने 30 मार्च के स्थान पर हर साल भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभ तिथि पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है और राजस्थान दिवस उत्सव की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्त्योदय का विचार ब्रज की भूमि से देश-प्रदेश तक पहुंचेगा।

### 100 करोड़ रूपये की राशि हस्तांतरित, 20 हजार पट्टों का वितरण

मुख्यमंत्री शर्मा ने डीबीटी के माध्यम से 92 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया। साथ ही, मुख्यमंत्री ने डांग, मगरा व मेवात क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए 300 करोड़ रुपये (प्रति योजना 100 करोड़ रूपए) की राशि आवंटित की। कार्यक्रम में प्रदेशभर में स्वामित्व कार्ड योजना के तहत 20 हजार पट्टों का वितरण, 311 लोगों को डेयरी बूथ अलॉटमेंट, माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर व असिस्टिव डिवाइस वितरित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से वर्चुअली माध्यम से जुड़े विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया।

### पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ किया विश्वासघात

शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की घटनाओं के कारण युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ। हमारी सरकार काम करने में विश्वास रखती है और भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवाने के साथ ही, युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध करवा रही है। हमारी सरकार में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है।

सभा स्थल पर मुख्यमंत्री ने आमजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एमएसजे कॉलेज में पूर्व सहपाठियों से संवाद किया और महारानी जया श्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। गरीब उत्थान के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के लिए उन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी।

कार्यक्रम में श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, विधायक बहादुर सिंह, जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, कुलदीप धनखड़, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्रेया गुहा सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि व लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### 8 योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी

मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना', गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की मार्गदर्शिकाओं व दिव्यांगजनों के लिए 'समान अवसर नीति 2025' का विमोचन भी किया।

साथ ही, दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना', मा (MAA) नेत्र वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA) के न्यू पैकेज व विधायक जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास के ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया।

### महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर साढ़े छह हजार रुपए व बुजुर्ग, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों और लघु व सीमांत किसानों को दी जा रही पेंशन बढ़ाकर 1,250 रुपये प्रति माह किया है।

### वंचितों को वरीयता हमारी प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू समुदायों के सशक्तीकरण एवं उत्थान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना' की घोषणा की है। साथ ही, कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहे, इसके लिए बजट में डांग, मगरा व मेवात क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए राशि बढ़ाकर 100-100 करोड़ रुपये किया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत समस्त राजस्व ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूरा कर आगामी वर्ष में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशीलता के साथ उन्हें सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित हैं।

## न्यूज इनबॉक्स

### आरसीएः एडहॉक कमेटी का कार्यकाल समाप्त

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) की एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 27 मार्च को समाप्त हो गया, लेकिन अब तक आरसीए चुनाव नहीं हो सके हैं। इस बीच, बुधवार को राजस्थान क्रीड़ा परिषद ने एडहॉक कमेटी को नोटिस जारी कर पिछले एक साल के खर्चों का ब्यौरा मांगा है। इस कदम के बाद कमेटी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

**नए सदस्यों की एंट्री संभव, चुनाव कराना पहली प्राथमिकता**

खेल विभाग के सचिव नीरज के. पवन ने बताया कि जल्द ही नई एडहॉक कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसे तीन महीने के भीतर आरसीए चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए खर्चों की जांच की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी खर्चे नियमों के अनुरूप हुए हैं या नहीं। सूत्रों के मुताबिक, सरकार एडहॉक कमेटी में बदलाव की योजना बना रही है। चर्चा है कि प्रतापगढ़ से पिंकेश जैन, डूंगरपुर से सुशील जैन और घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवारी को नई कमेटी में शामिल किया जा सकता है।

### धमकाना या आत्महत्या की कोशिश करना तलाक का आधारः बॉम्बे हाईकोर्ट

एजेंसी

मुंबई(एजेंसी)। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा है कि पत्नी की ओर से पति को धमकाना, आत्महत्या की धमकी देना निर्दयता है और यह तलाक का आधार बन सकता है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय का फैसला बरकरार रखा और दंपति की शादी को खत्म करने आदेश दिया। बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के जस्टिस आर एम जोशी ने परिवार न्यायालय की ओर से पारित डिक्री को बरकरार रखा। दरअसल महिला ने परिवार न्यायालय के फैसले के खिलाफ बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था। सुनवाई के दौरान महिला के पूर्व पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने उसे आत्महत्या करने की धमकी दी और इसके आरोप में पति और उसके परिजनों को जेल भेजने की धमकी दी। महिला ने एक बार आत्महत्या की कोशिश भी की थी। पति ने कहा कि यह हिंदू मैरिज एक्ट के तहत निर्दयता है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि पेश किए गए सबूतों से साफ है कि आरोप सही हैं। इसके बाद उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय के तलाक के आदेश को बरकरार रखा।

### मुख्यमंत्री भजनलाल ने 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत जवाहर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह' से 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार प्रदेश में कानून- व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसके लिए पुलिस बल को तमाम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस बल मे शामिल हुए इन नए वाहनों से राज्य में आमजन के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, महानिदेशक इन्टेलिजेंस संजय अग्रवाल, महानिदेशक टी.एन.टी. अनिल पालीवाल सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व पुलिस कार्मिक मौजूद रहे।

विशेष योग्यजन बच्चों के लिए देखो अपना शहर जागरूकता यात्रा का आयोजन

## प्रकृति से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त हैं विशेष योग्यजन बच्चेः दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राजस्थान दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित हो रहें सप्ताहभर के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में जंतर मंतर पर प्रातः 9.15 बजे से विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए गुरुवार को देखो अपना शहर जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर विशेषयोग्य जन बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत भी की।

उनके इस आत्मीय संवाद से विशेषयोग्य जन बच्चे उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि विशेष योग्यजन बच्चों को प्रकृति की ओर से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह बच्चे कई मायनो में सामान्य बच्चों से भी अधिक योग्य हैं।

इनकी योग्यता, प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग राष्ट्र और प्रदेश के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने में राज्य सरकार ऐसे विशेष योग्यजन बच्चों की प्रतिभा का सदुपयोग करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है।



**विशेषयोग्य जन बच्चों ने फूल देकर किया स्वागत, उप मुख्यमंत्री ने दिए उन्हें उपहार**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशेषयोग्य जन बच्चों को उपहार दिए जबकि बच्चों ने उनको फूल देकर उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने विशेषयोग्य जन बच्चों को जंतर मंतर, सिटी पैलेस और अल्बर्ट हॉल सहित आमेर भ्रमण करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

**ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने पर दिया जोर**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ जंतर मंतर देखने आये विदेशी पर्यटकों ने फोटो खिचवाए।




## प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए समर्पित है भजनलाल सरकार : अविनाश गहलोत

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में अंत्योदय कल्याण समारोह

जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे सप्ताहिक समारोह अंतर्गत गुरुवार को अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य अतिथि में भरतपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, बीडीओ महेन्द्र भार्गव, प्रेम सिंह चौहान, रामनिवास भुंवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया।

**जनता के कल्याण के लिए समर्पित है भजनलाल सरकार-**

इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी बजट घोषणाओं से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुविधाएं व संसाधन मुहैया करवाने की दृष्टि से सौगात दी है। सरकार की मंशा है कि गरीब एवं वंचित वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाया जाए और उनको समुचित सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से भ्रष्टाचार और पेपर लेकर प्रकरणों पर रोक लगी है। सीएम शर्मा युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसलिए बीते डेढ़ साल में प्रदेश में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में एक भी पेपर लीक प्रकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की मांग के अनुसार बजट घोषणाएं की है और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ इन बजट घोषणाओं को शत- प्रतिशत और यथाशीघ्र धरातल पर उतारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्थान की जनता के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सभी को समान रूप से आगे बढ़ाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे सिंधिया ने अंत्योदय की भावना को राजस्थान के जनमानस में मजबूत और सुदृढ़ करने का काम किया।




## देश धर्मशाला नहीं, वैध कागजात नहीं होने पर होगी कार्रवाईःशाह



जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी.)। लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पर चर्चा के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बिल के प्रावधानों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि भारत में आने के लिए वैध पासपोर्ट, वैध वीजा अनिवार्य होगा। बिना कागजात के भारत में प्रवेश करने पर कानून सम्मत तरीके से सख्त कार्रवाई की जाएगी। गृह मंत्री ने सख्ती से कहा, जाली दस्तावेजों के लिए कड़ी सजा के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वीजा की अवधि खत्म होने पर भी देश में रहने वालों को ट्रैक किया जाएगा।

**सरकार के पास दस्तावेजों की जांच का पूरा अधिकार है**

शाह ने विपक्ष को आड़े हाथों लिया और कहा कि जिस तरह के सवाल पूछे गए हैं, उनसे काफी हैरानी होती है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने भाजपा को वोट दिया। हमने बहुमत की सरकार बनाई है। ऐसे में सरकार के पास विदेशी लोगों की घुसपैठ, भारत आने वाले लोगों के पास वैध कागजात हैं या नहीं, इसकी जांच करने का पूरा अधिकार है।

**लोकसभा से विधेयक पारित**

गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के बाद गुरुवार शाम करीब 6.20 बजे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विधेयक पारित होने का एलान किया। पहले स्पीकर बिरला ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों पर मतदान की औरचारिकताएं पूरी कीं। विपक्षी सांसदों की तरफ से परेश अधिकांश संशोधन खारिज हो गए।

**घुसपैठ मामले में पश्चिम बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप**

गृह मंत्री ने कहा कि इमिग्रेशन कोई आइसोलेटेड मुद्दा नहीं है। देश की सीमा में कौन आता है, कब आता है, कितनी अवधि तक आता है और किस उद्देश्य से आता है, यह जानने का अधिकार देश की सरकार के पास है। ऐसा करना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। पश्चिम बंगाल में 2026 का विधानसभा चुनाव जीतने का दावा करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि 450 किलोमीटर की सीमा राज्य सरकार की कृपादृष्टि के कारण अभी तक असुरक्षित है, लेकिन ऐसा लंबे समय तक नहीं चलेगा। शाह ने कहा कि वे खुद 10 बार पत्र भेजकर राज्य सरकार से अपील कर चुके हैं, लेकिन सहयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठ करने वाले रोहिंग्या और बांग्लादेशी लोगों के प्रति सहानुभूति रखती है, उन्हें आधार कार्ड दिए जाते हैं। इन कारणों से देश की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं।

**दुनिया की सबसे सूक्ष्म अल्पसंख्यक आबादी भारत में सुरक्षित**

दूसरे देशों से आने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई का जिक्र करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत का शरणार्थियों के प्रति एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास रहा है। पारसी समुदाय हमारे देश में शरण लेने आये और आज वे पूर्णतः सुरक्षित हैं। दुनिया की सबसे सूक्ष्म अल्पसंख्यक आबादी आज भारत में सुरक्षित और सम्मान से जीवन जी रही है।

गृह मंत्री ने कहा कि जो लोग व्यापार, शिक्षा और निवेश के लिए भारत आते हैं, उनका स्वागत है, लेकिन जो हमारी सुरक्षा के लिए खतरा बनेंगे, उन पर कड़ी नजर और सख्त निगरानी होगी। यह विधेयक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करेगा।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
28 मार्च, 2025

## राणा सांगा के लिए अपमान जनक बातों पर जताया रोष

जयपुर टाइम्स



अलवर(नि.सं.)। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष लक्षमेश कुमार सिंह ने समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा महाराणा सांगा के लिए कह गए अपमान जनक बातों पे अपना रोष व्यक्त किया और बोला कि इस तरह के वक्तव्य समाज बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसे व्यक्ति को राज्यसभा सदस्यता से निष्कासित किया जाए और देश के आदर्श व्यक्तियों पर गलत ऐतिहासिक तथ्यों को रखते हुए गलत टिप्पणी का विरोध प्रगट किया और आगे के लिए चेतावनी दी कि वो राजपूत समाज से माफी मांगे वरना इस देश के जितने भी देश भक्त है वो उन्हें माफ नहीं करेंगे।

## राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य ने ली पिछडा वर्ग कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में पिछडा वर्ग कल्याण से संबंधित योजनाओं एवं अन्य कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



राष्ट्रीय पिछडा आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पिछडा वर्ग कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि इन योजनाओं व कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभांवित करावे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी अलवर से पिछडा वर्ग के प्रमाण पत्रों के आवेदन एवं स्वीकृति के संबंध में फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पिछडा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित राजकीय छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, जिससे छात्रावासों में आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं सुचारू बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि संविदा कर्मियों से संबंधित समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करें। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृति से पूर्व जिला जज सिंह ने अपने सेवा कार्यकाल के दौरान हुए अनुभवों व ज्ञान को किया साझा

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर हरेन्द्र सिंह अपनी सेवानिवृत्ति से पूर्व गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के कार्यालय में आए, जिस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर सचिव मोहनलाल सोनी,



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सभी अधिवक्तागण मय कर्मचारीगण द्वारा हरेंद्र सिंह को उनके दीर्घ और समर्पित सेवा के लिए स्वागत-सत्कार और सम्मानित किया गया। इस मौके पर सिंह द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल अलवर के कार्यालयों द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों के विषय में जांनकारी ली गई एवं समस्त अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण का मार्गदर्शन करते हुए संबोधित किया। इस अवसर पर सिंह द्वारा अपने सेवा कार्यकाल के दौरान हुए अनुभवों और ज्ञान को सभी के साथ साझा किया।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

जयपुर ग्रामीण(नि.सं.)। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान के शाहपुरा विधानसभा (जयपुर ग्रामीण) के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ए और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि व कांग्रेसजनों की बैठक माया सुवालका विधानसभा प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में जिला प्रभारी आर.सी. चौधरी, मनीष यादव विधायक, गोपाल मीणा जिलाध्यक्ष, राजेंद्र यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष, मुकेश गुर्जर




ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक शाहपुरा ए, नाथुलाल ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक शाहपुरा बी, प्रदीप व्यास पीसीसी सदस्य, मंजू शर्मा प्रधान, पूर्व प्रधान, प्रेम देवी पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका, प्रेम देवी पार्षद, जिला परिषद सदस्य, सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, संदीप , महेंद्र चौधरी, जगदीश, वरिष्ठ कांग्रेस के कार्यकर्ता, युवा और महिलाएं उपस्थित रहे मीटिंग में संगठन को मजबूत करने और साथ में सभी ब्लॉक कमेटी, मंडल कमेटी, बूथ कमेटी के गठन और कांग्रेस को मजबूत करने पर चर्चा हुई।



# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

अलवर (नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरूवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल संचय जन भागीदारी अभियान, एमजेएसए 2.0 के फेज प्रथम के कार्यों की प्रगति एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के कार्यों में जिले को एक यूनिट के रूप में मानते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से टीम भावना के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर जिले में जल संचय हेतु किए गए समस्त कार्यों को अपलोड करवाना सुनिश्चित करें, ताकि जल संचय में जिले की रैंकिंग देश में उच्च स्थान पर रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिन्हित की गई 8 प्राचीन बावडियों का जीर्णोद्धार, सौन्दर्यकरण व जल संरक्षण के समस्त कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि ये बावडियां हमारी विरासत है। इन्हें संरक्षित करने के साथ-साथ इन्हें ग्रामीण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि अलवर पूरा जिला डार्क जोन के अंतर्गत आता है अतः यहां जल संरक्षण के कार्यों की महती आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक जल संरक्षण के कार्यों के प्रस्ताव कर उन्हें स्वीकृत करावे। इसके मद्देनजर उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त सरकारी कार्यालयों के भवनों में रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए जाएंगे, उन्होंने निर्देश दिये कि हर गांव में एक-एक रिचार्ज साफ्ट के कार्य स्वीकृत कराकर करावे तथा इसी प्रकार प्रत्येक गांव में कुण्ड व जोहड के जीर्णोद्धार डिशिल्टिंग के कार्य कराने के प्रस्ताव तैयार करें।

उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये कि स्वीकृत सभी जल संरक्षण संबंधित कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। उन्होंने रीको के वरिष्ठ क्षेत्राीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि औद्योगिक क्षेत्रों में रूफटॉप हार्वेस्टिंग के कार्यों को कराने हेतु औद्योगिक इकाइयों से समन्वय कर कार्य पूर्ण करावे तथा अग्यारा स्थित एसटीपी के शोधित जल का उपयोग औद्योगिक क्षेत्रों में कराने हेतु औद्योगिक इकाइयों से समन्वय करें। उन्होंने जिला परिषद के सीईओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉकवार एमजेएसए 2.0 के कार्यों की नियमित समीक्षा करें।

बैठक में जिला परिषद के सीईओ सालूखे गौरव रविन्द्र, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र मोथू, मनरेगा के अधीक्षण अभियन्ता नरेन्द्र लक्खीवाल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियन्ता संजय खत्री, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी एवं समस्त बीडीओ मौजूद रहे।



## 715 किलो मिलावटी मावा कराया नष्ट

### सैम्पल जाँच के लिए भेजा, प्लांट किया सीज

जयपुर टाइम्स

कोटपूतली- बहरोड(नि.सं.)। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक एवम खाद्य सुरक्षा अतिरिक्त आयुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटपुतली बहरोड़ डॉ ओमप्रकाश सहारण एवम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोड़ डॉ आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार बढ़ियाली की ढाणी एवं मंढा परागपुरा में मिलावटी दूध एवं मावा बनाने की सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम अपने जांच दल के साथ मौके पर पहुंची। बढ़ियाली की ढाणी में दाताराम सैनी का पुत्र अंकित मौके पर उपस्थित था। उसने बताया कि मेरे पिताजी ही हिमांशु मावा स्टोर निवास एवं मंढा गांव में जो मावा प्लांट है उसके मालिक है। उसे बुलाने के लिए कहा तो बहाने बनाने लगा एवं उपस्थित उनके घरों की महिला अभद्रता करने लगी। यह देख कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों एवं प्रशासन को अवगत कराया। जिस पर प्रशासन द्वारा पुलिस जाप्ता एवं टीम भिजवाई गई। टीम के आने पर जनहित में परिसर का ताला तुड़वाया गया निरीक्षण के दौरान परिसर में 175 किलो मिल्क पाउडर, 30 किलो वनस्पति, दोनों परिसर को मिलाकर करीब 715 किलो मिलावटी मावा जो कि यह मिल्क पाउडर एवं वनस्पति को मिलाकर दूध तैयार कर उसका मावा बना रहा था मौके पर मिला एवं खाली 35 पीपे वनस्पति के पाए गए जो कि यह दूध बनाकर इस्तेमाल कर चुका था इससे प्रतीत होता है कि उक्त व्यक्ति बरसो से कार्य करता है एवं आमजनता को विक्रय कर उनके स्वास्थ्य के प्रति खिलवाड़ कर रहा है।

## राजस्थान दिवस समारोह के तीसरे दिन जिला स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह का हुआ आयोजन

### वन मंत्री शर्मा ने दीप प्रज्जवलन कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया शुभारंभ, लाभार्थियों को सौंपे चेक

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की कडी में तीसरे दिन गुरूवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में अन्त्योदय कल्याण समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 92 हजार निर्माण श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 100 करोड रूपये की राशि हस्तांतरित की तथा 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा भी वितरित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा, जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने दीप प्रज्जवलन कर किया।

वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसार भरतपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अन्त्योदय




कल्याण-खुशहाल राजस्थान के सपने को साकार करते हुए प्रदेश में डांग, मगरा एवं मेवात क्षेत्रीय योजना हेतु 300 करोड रूपये की राशि, दिव्यांगजनों को पावर ड्रिवन व्हील चेयर एवं असिस्टिव डिवाइस व माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया तथा ग्रामीण विकास का नया ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल एप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने जरूरतमंद व्यक्ति के कल्याण एवं प्रदेश के सर्वांगीण व चहुंमुखी विकास की भावना को दृष्टिगत रखते हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना, दादू दीनदयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना, एमएलए लैड योजना के तहत विधायक जनसुनवाई केंद्र, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली, मां योजना के तहत न्यू पैकेज एवं मां नेत्र वाउचर योजना, गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना एवं दिव्यांगजनों हेतु समान अवसर नीति के दिशा-निर्देशों का विमोचन किया।केंद्र व राज्य सरकार अंत्योदय के लिए प्रतिबद्धता से कर रही है कार्य वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में राज्य सरकार अन्त्योदय कल्याण-खुशहाल राजस्थान के सपने को साकार करने की दिशा में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से सकारात्मक भाव से काम कर रही है। अन्त्योदय कल्याण कार्यक्रम में अविभाजित अलवर जिले के 6 हजार 833 लाभार्थियों के खाते में 6 करोड 97 लाख 6 हजार रूपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरण किया तथा अतिथियों ने स्वामित्व योजना के तहत जिले के 1100 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से पट्टे वितरित किए। साथ ही 52 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए, जिसमें से 35 ट्राई साइकिल व 17 व्हील चेयर हैं। सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुदान एवं जन हितैषी योजनाओं में प्रदान की जा रही सुविधाओं से लाभांवित हुए लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख ललिता मीणा, जिला परिषद सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एडीएम शहर बीना महावर, यूआईटी सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, प्रधान नसरू खान व जयप्रकाश, राजेन्द्र कसाणा, सागर यादव, हुकुम फागणा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति, संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित

### 50 दिव्यांग लाभार्थियों को ट्राई साइकिलों का मौके पर किया गया वितरण

जयपुर टाइम्स

खैरथल-तिजारा(नि.सं.)। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से प्रसारण जिला सचिवालय खैरथल तिजारा कि सभागार में किया गया।

**राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ सीधा प्रसारण**

इस अवसर पर भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। अंत्योदय कल्याण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 92 हजार निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये का हस्तांतरण, डांग, मंगरा एवं मेवात क्षेत्रीय योजना हेतु 300 करोड़ रुपये, दिव्यांगजनों को पावर ड्रिवन व्हीलचेयर एवं असिस्टिव डिवाइस, 20 हजार परिवारों को स्वामित्व कार्ड योजना में पट्टा वितरण, माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरण किया



गया और ग्रामीण विकास का नया ई - वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल एप का शुभारंभ किया गया। साथ ही प. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त ग्राम योजना, दादू दयाल घुमंतू सशक्तिकरण योजना, दिव्यांगजनों हेतु समान अवसर नीति का विमोचन, एमएलए लैड योजना के तहत विधायक सुनवाई केंद्र, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली, मां योजना के तहत न्यू पैकेज एवं मां नेत्र वाउचर योजना तथा गुरु गोवलकर आशांवित ब्लॉक विकास योजना के दिशा निर्देश भी जारी किए गए। कार्यक्रम से पूर्व जवाहर सर्किल जयपुर से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस के डेढ़ सौ नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**जिले के लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ**

इस दौरान आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलेक्टर किशोर कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट द्वारा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 26 लाभार्थियों को पट्टों का वितरण किया गया तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कि योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को 50 व्हीलचेयर एवं सहायक उपकरणों का वितरित कर लाभांवित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर किशोर कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, उपखंड अधिकारी टपूकड़ा लाखन सिंह गुर्जर, एसडीएम राकेश रावत, श्रम विभाग अधिकारी राकेश चौधरी, समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी, आमजन एवं लाभार्थी मौजूद रहे।



## एक पुण्य कार्य : दो बेटियों का किया कन्यादान, दिए उपहार और लिया आशीर्वाद

### नेक कमाई ने किए अब तक 262 कन्यादान

जयपुर टाइम्स

अलवर(नि.सं.)। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में दो बेटियों का कन्यादान किया गया जिसमें कन्यादान करने के लिए काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला महासम्मेलन की अलवर शाखा अध्यक्ष वैशाली जसोरिया के नेतृत्व में महिलाओं ने कन्यादान किया। कार्यक्रम में संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि अलवर में बेटियों के कन्यादान में सभी सामाजिक संगठन आगे आ रहे हैं जो अनुकरणीय उदाहरण है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा थे। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, कार्यक्रम संयोजक गुरप्रीत सिंह पवित्र ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य संरक्षक दौलत राम हजरती ने नेक कमाई के कन्यादान कार्यक्रम, कचरा बीनने वाले बच्चों के लिए चलाए जा रहे शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूलों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक सोनिका अरोड़ा सहित शिक्षाविद उमा छाबड़ा ने विचार व्यक्त किए। संचालन निष्ठा नारंग ने किया। नेक कमाई अब तक 262 कन्यादान कर चुका है।

सेवा मार्ग पर चलना कठिन है- कार्यक्रम में जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में सेवा कार्यों के लिए समूह को साथ लेकर चलना कठिन कार्य है। बेटियों के चरण धोकर उनसे आशीर्वाद लेना भगवान के प्रति समर्पण का जीता- जागता नमूना है। नेक कमाई ने अपने कार्यों से समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
28 मार्च, 2025

## योगेंद्र जाखड़ ने राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक

जयपुर टाइम्स

मेरठ, (निसं.)। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी (राष्ट्रीय स्तर) किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के योगेंद्र जाखड़ ने 91+ किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई। वर्तमान में जयपुर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया, माचाड़ा (14 नंबर) में रहने वाले योगेंद्र जाखड़ लगातार कठिन परिश्रम कर रहे हैं। उनकी इस



उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। खेल जगत से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि अगर उन्हें सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो वे भविष्य में बड़े टूर्नामेंट्स में स्वर्ण पदक भी जीत सकते हैं। योगेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और कठिन अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए पदक जीतना है।

## इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा आंगनबाड़ी पाठशाला का लोकार्पण किया

जयपुर टाईम्स

चाकसू(का.सं.)। राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय वार्ड न 01 के परिसर में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड चाकसू के द्वारा




सीएसआर के तहत वार्ड नंबर 01 में आंगनबाड़ी पाठशाला भवन निर्माण किया। जिसका लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामावतार बैरवा व इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम बी.के. सोनी के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। समारोह में चाकसू सीडीपीओ भुवनेश शर्मा को आंगनबाड़ी पाठशाला का हस्तांतरण किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य सीधे आंगनवाड़ी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को लाभ पहुंचाना है। नव निर्मित संरचना में एक कक्षा, रसोई, स्टोर रूम और शौचालय शामिल हैं, जो बच्चों की जरूरतों को पूरा करने और स्थानीय समुदाय के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## उपजिला अस्पताल में संविदाकर्मी के भरोसे एक्सरे व ईसीजी

जयपुर टाइम्स

फुलेरा(नि.सं.)। कस्बे के जोबनेर रोड स्थित राजकीय उपजिला अस्पताल के एक्सरे विभाग के कर्मचारीयों की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ सकती है, यहां संविदाकर्मी के भरोसे एक्सरे व ईसीजी हो रही है। जबकि राजकीय उपजिला अस्पताल में एक रेडियोलोजिस्ट व दो सहायक रेडियोलोजिस्ट नियुक्त होने के बावजूद उनकी



कार्य के प्रति समर्पण भाव नहीं होने व अस्पताल समय से पहले ही चलें जाने के कारण संविदाकर्मी को ही एक्सरे व ईसीजी का कार्य करना पड़ रहा है। जब इसकी शिकायत प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू को की गई तो उन्होंने सम्बंधित कर्मचारियों को समय से पूर्व अस्पताल नहीं छोड़ने की हिदायत दी, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाया जा सके। साथ ही डॉ. भामू ने बताया कि अस्पताल समय पर कोई भी कर्मचारी कार्यस्थल पर नहीं मिलेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## आचार्य वसुनंदी महाराज ससंघ को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया श्री फल भेंट

जयपुर टाईम्स

चाकसू(का.सं.)। चाकसू उपखंड क्षेत्र कोटखावदा में आचार्य वसुनंदी महाराज का झांझरी फार्म हाऊस पदमपुरा से श्री दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में बैंड बाजों एवं लवाजमें के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। वहीं प्रचार -प्रसार मंत्री अमन जैन ने बताया की इसी कड़ी में श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र कोटखावदा के अध्यक्ष महावीर



गंगवाल, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन, समाजसेवी रीतेश गोलू, चेतन जैन, जिनेन्द्र जैन जीतू, अमन जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अल्प प्रवास हेतु आचार्य वसुनंदी महाराज ससंघ को गुरूवार को श्रीफल भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त किया।




## राजस्थान आईटी डे 2025 का भव्य शुभारंभ, राज्य बनेगा आईटी हब-मुख्य सचिव

जयपुर टाइम्स

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे 2025 का शुभारंभ मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के तहत राजस्थान को आईटी क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में यह आयोजन महत्वपूर्ण है।

मुख्य सचिव ने आईटी एक्सपो का दौरा कर स्टार्टअप्स के नवाचार देखे और राजस्थान संपर्क 2.0 की जल्द शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हाल ही में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में आईटी क्षेत्र के कई प्रस्ताव मिले हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है।

### आईटी एक्सपो और स्टार्टअप बाजार बने आकर्षण

आईटी एक्सपो में 50+ स्टार्टअप्स, 25+ शैक्षणिक संस्थान और 25 उत्पाद-आधारित कंपनियों ने अपने नवाचारों का प्रदर्शन किया। एआई, फिनटेक, उद्यमिता और सस्टेनेबल टेक पर विशेषज्ञों ने चर्चा की।

गेम जैम और एवीजीसी राजस्थान टैलेंट शो में गेमिंग और डिजिटल सिनेमा नवाचारों को प्रदर्शित किया गया।

### समापन समारोह 28 मार्च को

समापन समारोह में आईटी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ई-गवर्नेंस पुरस्कार वितरित करेंगे। ओबीएमएस पोर्टल, रोजगार विभाग की नई वेबसाइट, अटल उद्यमिता कार्यक्रम (एईपी) का शुभारंभ और स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक भी वितरित किए जाएंगे।इस आयोजन में सरकारी प्रतिनिधि, उद्योग विशेषज्ञ, स्टार्टअप संस्थापक, निवेशक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## शनिवार को होगा करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले का आयोजन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 29 मार्च 2025 को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक यूथ हॉस्टल, जनपथ, विधानसभा रोड, जयपुर में किया जाएगा।

❑ राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत होगा आयोजन

❑ 30 निजी कंपनियां 2 हजार से ज्यादा युवाओं को देंगी रोजगार की सौगात

उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक नवरेखा जिला प्रशासन, जयपुर एवं युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया जाएगा। जिसमें में निर्माण, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सिक्योरिटी, कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 30 निजी नियोजक अपनी 2000 रिक्तियों के साथ मौके पर ही युवा आशार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात् प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभाग यथा-आईटीआई, आरएसएलडीसी एवं एनसीएस फोर एसटी/ एससीए आदि मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। सेना भर्ती कार्यालय भी मौके पर उपस्थित युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर दिये जाएँगे, उपस्थित युवाओं को करियर काउंसलर द्वारा उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुसार उपयुक्त रोजगार संबंधी कैरियर मार्गदर्शन भी मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, आईटीआई पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवाओं हेतु इस रोजगार मेले में रिक्तियां हैं, अतः सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल व छाया प्रति एवं 02 पासपोर्ट फोटो के साथ उक्त रोजगार मेले का लाभ उठायें।

## राज्य सरकार विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए प्रतिबद्ध- ऊर्जा मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत गुरुवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का वर्चुअली माध्यम से प्रसारण टोंक के कृषि ऑडिटोरियम सभागार में किया गया। जिला स्तरीय समारोह में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री हीरालाल नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल समय पर लाभ मिल सके।

श्री नागर ने कहा कि इसी कड़ी में अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह के माध्यम से सरकार की ओर से जरूरतमंद लोगों को सहायता दी जा रही है। इसमें निर्माण श्रमिकों डीबीटी, डेयरी बूथ आवंटन, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक का वितरण किया जा रहा है। हमारी सरकार सुशासन के जरिए विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने



शर्मा जी की पहल पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं, किसान, युवा, गरीब एवं वंचित वर्ग समेत समाज के विभिन्न वर्ग के कल्याण एवं उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इन सभी के पीछे हमारी सरकार की मंशा है कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बजट घोषणाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को इनका के लिए प्रतिबद्ध है।

जिला स्तरीय समारोह में देवली-उनियारा विधायक श्री राजेंद्र गुर्जर समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विशेष योग्यजन को श्रवण यंत्र, व्हील चेयर, ट्राई साईकिल, मोबाईल फोन, डिजिटल स्टीक, वॉकर, कमर की बेल्ट, स्पाइनल स्पॉट तथा स्वामित्व योजना के तहत 1500 लाभार्थियों को पट्टा मय कार्ड वितरित किए गए।

अंत्योदय कल्याण, समृद्ध राजस्थान, राजसमंद में अंत्योदय कल्याण समारोह का भव्य आयोजन

## जन-जन के कल्याण को समर्पित है डबल इंजन की सरकार —उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी सकल्प के साथ गुरुवार को प्रदेशभर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित हुए। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन भरतपुर में हुआ जिसका सभी जिलों में सीधा प्रसारण हुआ। राजसमंद में आयोजित जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले डेढ़ वर्षों में हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का प्रयास किया है। महिला, किसान, व्यापारी, शिक्षा, खेल, गरीब कल्याण सहित ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां राज्य में उल्लेखनीय प्रगति न हुई हो। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति से जुड़ी हमारी परंपराओं को कायम रखने की दिशा में सरकार ने फैसला लिया है कि राज्य में अब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही राजस्थान दिवस मनाया जाएगा। साथ ही राज्य में पहली बार राजस्थान दिवस के तहत सात दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें हर दिन विभिन्न वर्गों के लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। राजस्थान दिवस के तहत गत दो दिनों में महिला सम्मेलन और किसान सम्मेलनों का आयोजन हो चुका है।

### प्लास्टिक मुक्त राजसमंद के तहत जूट के बैग का विमोचन

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने जिला प्रशासन के प्लास्टिक मुक्त राजसमंद अभियान के तहत आमजन में वितरण हेतु तैयार जूट के बैग लांच किया। उप मुख्यमंत्री ने सभी से प्लास्टिक को छोड़ कर पर्यावरण अनुकूल उपाय जैसे जूट और कपड़े के बैग अपनाने की अपील की। डॉ बैरवा ने



दिव्यांग विद्यार्थियों को ट्राइसाइकिल वितरित की।

उन्होंने श्रम विभाग की निर्माण श्रमिक एवं कौशल विकास योजना के तहत लाभार्थी पत्र प्रदान किए, दिव्यांग बच्चों को हियरिंग एड और अन्य उपकरण भी वितरित किए।

### सरकार का ध्येय-कोई न रहे वंचित

डॉ बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त ग्राम योजना, दादू दयाल घुमन्तु सशक्तिकरण योजना के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गुरूवार को ही राज्यभर में हजारों निर्माण श्रमिकों को लाभ राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम तथा डाँग, मगरा, मेवात एवं बृज क्षेत्रीय योजना के तहत भी राशि का हस्तांतरण प्रदेशभर में इसी उद्देश्य से किया जा रहा है कि कोई भी वर्ग वंचित न रहे।

### बजट घोषणाओं में राजसमंद को मिली की सौगातें

उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार ने राजसमंद जिले को वर्ष 2024–25 और 2025–26 की बजट घोषणाओं में हर क्षेत्र में सौगातें दी है। स्टोन मंडी , 3500 करोड़ रुपए की जाखम बांध परियोजना, 150 करोड़ रुपए लागत की खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढ़ाने , अस्पतालों को क्रमोन्नत करने जैसे प्रत्येक बिन्दु पर सरकार ने जो भी घोषणाएं की हैं उन्हें त्वरित गति से क्रियान्वित किया जा रहा है। आर के जिला चिकित्सालय में कार्डियोलॉजी यूनिट की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल को सेटेलाइट अस्पताल के रूप में क्रमोन्नत करने, नाथद्वारा को स्मार्ट सिटी बनाने, नाथद्वारा में सीवरेज और ड्रेनेज के कार्य, पिपलांत्री में ग्रामीण पर्यटन के विकास जैसे नए कार्यों से भी क्षेत्र में सर्वांगीण विकास की राह खुली है।

### जिला प्रशासन के नवाचारों को सराहा

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रोजेक्ट सक्षम सखी, निर्धन एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रोजेक्ट श्रम सम्बल, पालनहार विशेष अभियान आदि नवाचार चलाकर विशेष रूप से अंत्योदय की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिले में विशेष स्वच्छता अभियान, माय ऑफीस क्लीन ऑफिस, माय स्कूल– क्लीन स्कूल और माय हॉस्पिटल क्लीन हॉस्पिटल के साथ साथ प्लास्टिक मुक्त राजसमंद की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य हो रहा है।

## लाभार्थियों को मिली सौगात...तो चेहरों पर खिली मुस्कान

❑ राजस्थान दिवस महोत्सव के तीसरे दिन आयोजित हुआ अंत्योदय कल्याण समारोह

❑ शुक्रवार को जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव का होगा आयोजन

जयपुर टाइम्स

जयपुर(का.सं.)। किसी को अपने आशियाने का मालिकाना हक मिला तो किसी को मिली इलेक्ट्रॉनिक चाक और डेयरी बूथ के रूप में रोजगार की सौगात....किसी को सहायक उपकरण मिले तो किसी को ट्राइसाइकिल, पावर व्हील चेयर का संबल। जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार का। जहां राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तीसरे दिन जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र पाल मीणा एवं जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने स्वामित्व योजना के तहत 10 लाभार्थियों को पट्टे प्रदान किये। श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से 19 लाभार्थियों को विद्युत



चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन प्रदान की गई। वहीं, राजस्थान सहकारी डेयरी संघ की ओर से 20 लाभार्थियों को डेयरी बूथ का आवंटन पत्र प्रदान किया गया।

इसके पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य द्वारा विधायक एवं जिला प्रमुख ने 4 पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण, 21 लाभार्थियों को पावर व्हील चेयर 16 लाभार्थियों को व्हील चेयर, 6 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 13 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन प्रदान किये।

विधायक महेन्द्र पाल मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की गरीब को गणेश मानकर सेवा कर रही है। लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे यही प्रदेश की सरकार का लक्ष्य है।

वहीं, जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कहा कि अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यही कारण है कि डेढ साल से भी कम समय के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक राहत पहुंचाने के साथ-साथ हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का काम किया है।

भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए देखा।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों, लाभार्थियों ने शिरकत की।

# खुशी के लिए क्षमा की कला का अभ्यास करें



डॉ राजेश के पिलानिया , प्रोफेसर , मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम.

हममें से बहुत - से लोग हमारे अंदर बहुत कुढ़, आत्मग्लानि और क्रोध रखते हैं । ये हमारे और दूसरों के खिलाफ हो सकते हैं। क्रोध हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है। क्रोध, कुढ़न और आत्मग्लानि हमारे आत्मसम्मान के लिए अच्छे नहीं हैं, न ही अपने और दूसरों के साथ हमारे संबंधों के लिए। शोध से पता चलता है कि हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए कुढ़ियां रखना अच्छा नहीं है और यह हमारे समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

हमें इन कुढ़ियों, आत्मग्लानि और क्रोध का ध्यान रखना चाहिए और क्षमा की कला का अभ्यास करना चाहिए। क्षमा की कला एक ऐसा कौशल है जिसे आप छोटी शुरूआत करके सीख सकते हैं लेकिन निरंतरता बनाए रखते हैं। इसमें पहला कदम यह है कि हम अपने मन में, चाहे हमारे लिए हो या दूसरों के लिए, कुढ़, आत्मग्लानि और क्रोध रखने के नुकसान को पहचान लें।

दूसरा कदम अतीत में की गई गलतियों के लिए खुद को माफ करना है। हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि हम इंसान हैं और कभी-कभी गलतियां होती हैं। हमें इन गलतियों से सीखना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम उन्हें दोहराएं नहीं। हमें खुद को माफ करना चाहिए, इन गलतियों से सीखना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। यह हमारे समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में मदद करेगा।

तीसरा कदम है दूसरों को उनकी गलतियों के लिए माफ करना। हमें उन्हें संदेह का लाभ देना चाहिए। हमें उन्हें यह बताने की जरूरत है कि इस बार हम क्षमा कर रहे हैं, लेकिन ये गलतियां अस्वीकार्य हैं, और उन्हें दोहराना नहीं चाहिए। हम यह अपने फायदे के लिए कर रहे हैं, अपने भीतर की नाराज़गी और गुस्से को दूर करने के लिए, और ऐसा करके, हम अपने स्वास्थ्य और कल्याण का बेहतर ध्यान रखते हैं।

अंतिम कदम यह है कि इस अभ्यास को नियमित रूप से दोहराते रहें, हर महीने कहते हैं, कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम अपने या दूसरों के खिलाफ अपने अंदर गुस्सा और क्रोध पैदा नहीं कर रहे हैं।

क्षमा की इस कला से अनावश्यक तनाव, चिंता, नाराजगी, आत्मग्लानि, द्वेष और क्रोध को कम करने में मदद मिलेगी। यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में मदद करता है। इससे हमें अपने और दूसरों के बारे में बेहतर समझ हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे हम और दूसरों के साथ बेहतर रिश्ते कायम कर सकेंगे । इससे हमारी खुशी बढ़ेगी।

# आखिर दुनियांभर में क्यों बढ़ रही बहाई धर्म के अनुयायी ?



डॉ. अजय कुमार मिश्रा

इन्सान के जीवन की सबसे बड़ी ख़ोज में से धर्म एक है जिसके जरिये जीवन को जीने और परस्पर सहयोग समेत जीवन के अनेकों पहलुओं को समझने और आगे बढ़ना सिखाया जाता है 7 पर सभी धर्म के अनुयायी एक दूसरें से अपने धर्म को श्रेष्ठ मानतें है जबकि इन्सान और इंसानियत ही सबसे बड़ी आवश्यकता इस धरती पर है दुनियां का सबसे नवीनतम धर्म जिसे हम सभी बहाई धर्म के नाम से जानते है एक नयी और आधुनिक विचारधारा के साथ सामने आया है बहाई धर्म 19वीं सदी में ईरान में स्थापित एक स्वतंत्र धर्म है, जिसकी स्थापना मिर्जा हुसैन अली नूरी, जिन्हें बहाउल्लाह के नाम से जाना जाता है, ने की थी यह धर्म आज दुनियां के लगभग सभी देशों में मौजूद है और इसके अनुयायी आपको मिल जायेगे यह धर्म एक ईश्वर में विश्वास करता है और इसकी मूल मान्यताओं के अनुसार मानवता एक है और दुनियां के सभी धर्म एक ही ईश्वर से उत्पन्न हुए है जिनका उद्देश्य समय-समय पर मानवता का विकास करना रहा है इस धर्म का मानना है की एक सर्वशक्तिमान ईश्वर ही इस दुनियां का मुख्य स्रोत है इस धर्म के अनुसार दुनिया के प्रमुख धर्म हिन्दू धर्म, इस्लाम धर्म, इसाई धर्म, बौद्ध धर्म सभी के जनक एक ही ईश्वर है और मानवता के विकास के लिए उनके दूत के रूप में समाज को नई दिशा देने के लिए महान लोगों का इस धरती पर जन्म हुआ इस धर्म का विश्वास है की धरती के सभी मनुष्य एक समान है इनमे किसी भी आधार पर किसी तरह का भेद-भाव नहीं होना चाहिए इस धर्म की यह भी मान्यता है की बिना किसी के प्रभाव में आये सभी लोगों को सत्य की खोज स्वयं करना चाहिए शिक्षा और विज्ञान व आध्यात्मिकता का समन्वय की अनिवार्यता पर यह विशेष बल देता है इस धर्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है की इस धर्म का मुख्य लक्ष्य विश्व शांति स्थापित करना है तथा शांति और न्याय इसका मजबूत आधार है सादगी और अनुकूलनशीलता पर भी यह बल देता है आज दुनियांभर में बहाई धर्म के अनुयायी आपको देखने को मिल जायेगे जिनकी संख्या लगभग 8 मिलियन के करीब है दिल्ली में स्थित लोटस टेम्पल इसी धर्म की देन है इसका मुख्य केंद्र हाइफा, इज़राइल में विद्यमान है यह धर्म खासकर उन लोगों के बीच लोकप्रिय है जो शांति और एकता के संदेश से जुड़ाव महसूस करते हैं अब प्रश्न यह भी उठता है की यह धर्म पहले से चल रहे अनेकों धर्म के होते हुए भी इसकी स्वीकार्यता क्यों बढ़ रही है इसके पीछे का कारण यह है - इस धर्म की मान्यता के अनुसार सभी प्रमुख धर्म ईश्वर से ही उत्पन्न हुए है और उन धर्मों के



संस्थापक ईश्वर के दूत रहें है जिनका मुख्य उद्देश्य मानव को समयानुसार सही मार्ग प्रसस्त करना रहा है जबकि इस धर्म के पूर्व के कई धर्म अपने को एकमात्र सत्य या अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं एक तरफ जहाँ बहाई धर्म आधुनिक सामाजिक मुद्दों जैसे लैंगिक समानता, शिक्षा का अधिकार, गरीबी उन्मूलन और विश्व शांति पर जोर देता है और यह विज्ञान और धर्म के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देता है वही अन्य धर्म कई पारंपरिक धर्मों में सामाजिक नियम प्राचीन संदर्भों पर आधारित हैं और आधुनिकता के साथ उनका समन्वय समय के साथ व्याख्या के माध्यम से हुआ है यह धर्म व्यक्तिगत रूप से ईश्वर से संबंध स्थापित करने पर जोर दिया जाता है इस धर्म के शुरुआत से ही इसे एक वैश्विक धर्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो मानवता की एकता और विश्व सरकार जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा देता है इसका लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां राष्ट्र, संस्कृतियाँ और लोग एकजुट हों जबकि कई धर्मों की शुरुआत स्थानीय या क्षेत्रीय संदर्भ में हुई और बाद में वे वैश्विक हुए इसमें जटिल अनुष्ठान, मूर्तिपूजा या धार्मिक प्रतीकों का व्यापक अभाव है प्रार्थना, ध्यान और सामुदायिक सभाएँ (19-दिवसीय भोज) इसकी मुख्य प्रथाएँ हैं और अन्य धर्मो से यह अधिक लचीला भी है यह धर्म स्वयं को मानव इतिहास के वर्तमान युग के लिए एक नया धर्म मानता है, जो पिछले धर्मों को पूर्ण करने के बजाय उनके संदेश को आगे बढ़ाता है जबकि अधिकांश धर्म प्राचीन हैं और अपनी उत्पत्ति को हजारों साल पुरानी परंपराओं से जोड़ते हैं सबसे खास बात इस धर्म की यह है की इस धर्म में शराब और नशीले पदार्थों का सेवन पूरी तरह निषिद्ध है, जो इसे कुछ अन्य धर्मों से अलग करता है जहां यह व्यक्तिगत पसंद पर निर्भर करता है यदि देखा जाय तो बहाई धर्म अन्य धर्मों से मुख्य रूप से अपनी समावेशी प्रकृति, आधुनिकता के प्रति झुकाव, और वैश्विक एकता के संदेश के कारण यह अलग धर्म है यही मुख्य वजह भी है की अनेकों प्रमुख धर्मो के होते हुए भी लोगों ने तेजी से इस धर्म को स्वीकार किया है यह एक ऐसा धर्म है जो न तो किसी एक धर्म का सुधार है और न ही उसका विरोध करता है, बल्कि सभी को एक व्यापक ईश्वरीय योजना का हिस्सा मानता है परिणाम स्वरुप यह आसानी से लोगों को प्रभावित भी कर रहा है बहाई धर्म के अनुयायी रोज़ प्रार्थना करते हैं, जिसमें बहाउल्लाह द्वारा लिखित प्रार्थनाएँ शामिल हैं साल में 19 दिनों का उपवास (2 मार्च से 20 मार्च तक) रखते हैं बहाई मंदिर (जिन्हें "मशरिक़ुल-अज़कार" कहा जाता है) सभी धर्मों के लोगों के लिए खुले होते हैं शराब और नशीले पदार्थों का सेवन इस धर्म में निषिद्ध है यह धर्म अपनी उत्पत्ति के पश्चात् से ही वैश्विक एकता और मानवता में भेद-भाव को न करने के कारण दुनियाभर में तेजी से इसके अनुयायी जुड़ रहें है एक तरफ जहाँ मौजूदा कई धर्मो के होने के बावजूद इस धर्म ने अपने कम समय में अपने अनुयायी की संख्या में वृद्धि किया है वही इस धर्म के उद्देश्य निसंदेह मानवता के विकास के लिए समर्पित है इस धर्म की खास पहचान यह भी है की सभी धर्मों को यह एक ही ईश्वर से निकला हुआ मानता है और जिसका उद्देश्य मानव का कल्याण करना है समय और ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ इस धर्म के अनुयायियों की संख्या में वृद्धि होना स्वाभाविक है धर्म के आधार पर नफरत और भेदभाव करने वाले सभी लोगों को इस धर्म से मानव में समानता और वैश्विक एकता की स्वीकार्यता को जरुर सीखना चाहिए जिससे मानव जीवन की अधिकांश समस्याओं का समाधान हो जायेगा अपनी खास बातों और प्रभावशाली कार्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है की भविष्य में इस धर्म के अनुयायियों की संख्या में दुनियां भर में व्यापक वृद्धि हो सकती है सबसे खास बात इस धर्म की यह भी है की यह धर्म किसी भी धर्म का प्रतियोगी नहीं है इन्ही कारणों से कई प्रमुख धर्मों के रहने के बावजूद इस धर्म को लोग स्वीकार कर रहें है और यदि देखा जाए तो यह धर्म आधुनिकता और परम्परागत ढंग से चल रहे धर्मों से अलग भी है जिसका मुख्य उद्देश्य सभी धर्मों की तरह मानव कल्याण करना है पर किसी भी धर्म की यह उपेक्षा नहीं करता है यही कारण है की इस धर्म की लोकप्रियता में तेजी से इजाफा हो रहा है

# स्वच्छ जल की सुलभता आज भी याद चुनौती



सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

भौगोलिक दृष्टि से भारत विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है, जबकि जनसंख्या के दृष्टिकोण से आज के समय दुनिया का सबसे बड़ा देश है। पाठकों को बताता चलूं कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम आंकड़ों से यह पता चलता है कि पिछले दशक में भारत की जीडीपी में 105 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, भारत की जीडीपी वर्तमान में 4.3 ट्रिलियन डॉलर है। वर्ष 2015 में जीडीपी 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी।अच्छी बात यह है कि पिछले कुछ ही सालों में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी के मामले में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना से भी अधिक कर लिया है।सच तो यह है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जापान को पीछे छोड़ने के कगार पर है।जापान की जीडीपी वर्तमान में 4.4 ट्रिलियन डॉलर है और भारत 2025 की तीसरी तिमाही तक उस आंकड़े को पार कर जाएगा और यदि विकास की औसत दर इसी तरह जारी रही, तो भारत वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ देगा, यह बहुत अच्छी बात है। आज भारत अंतरिक्ष से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो या चिकित्सा का क्षेत्र या कोई भी अन्य क्षेत्र, लगभग-लगभग सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। यहां तक कि भारत ने पिछले सालों में देश ने अलग-अलग क्षेत्रों में विकास के नये कीर्तिमान रचे हैं और वर्तमान में भी भारत लगातार विकास और उन्नयन के पथ पर अग्रसर है, लेकिन स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के मोर्चे पर देश की प्रगति को संतोषजनक कतई नहीं कहा जा सकता है। कहते हैं कि 'जल ही जीवन है।' जल बिना मनुष्य सहित धरती के सभी प्राणियों/जीवों तथा वनस्पतियों का जीवन संभव नहीं है। जल, मानव, जीवों व वनस्पतियों के अस्तित्व को बनाए रखने के लिये एक प्रमुख प्राकृतिक व सीमित संसाधन है। यह न केवल ग्रामीण और शहरी समुदायों की स्वच्छता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बहुत आवश्यक है।कहना ग़लत नहीं होगा कि स्वच्छ जल की उपलब्धता हर व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है, लेकिन आज भी बहुत से लोग स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। बड़े महानगरों से लेकर छोटे शहरों, ग्रामीण दूर-दराज के इलाकों में आज भी स्वच्छ जल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पाठक जानते होंगे कि पृथ्वी पर मौजूद पानी का 97% हिस्सा समुद्रों में है।धरती पर मौजूद मीठे पानी का 2.7% हिस्सा ही झील, नदी, और भूजल के रूप में है और मीठे पानी का 0.6% हिस्सा नदियों, झीलों, और तालाबों में है। गौरतलब है कि पृथ्वी पर मौजूद मीठे पानी का 2.4% हिस्सा ग्लेशियरों और ध्रुवों में जमा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से केवल 3% हिस्सा ही पीने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और इसमें से भी ज़्यादातर हिस्सा ग्लेशियरों और ध्रुवों में जमा है।आज दुनिया भर में कई लोग दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, भारत भी इनमें से एक है। वास्तव में दूषित पानी पीने से कई तरह की बीमारियां हो जाती हैं और जल प्रदूषण की वजह से कई जलीय प्रजातियां लुप्त होने के कगार पर हैं। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही देश के 302 जिलों के सर्वे को लेकर 'लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट' सचमुच चिंताजनक है, जिसमें यह कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में तो 12 फीसदी घरों तक तो पाइप लाइन से पेयजल आपूर्ति ही नहीं हो पा रही और जिन्हें मिल भी रहा है उनमें भी महज छह फीसदी घरों को ही स्वच्छ जल सुलभ हो पा रहा है, क्या यह चिंताजनक बात नहीं है ? पाठकों को बताता चलूं कि नीति आयोग द्वारा वर्ष 2018 में जारी कम्पोज़िट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स रिपोर्ट में बताया गया है कि देश भर के लगभग 21 प्रमुख शहर (दिल्ली, बंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और अन्य) वर्ष 2020 तक शून्य भूजल स्तर तक पहुँच जाएंगे एवं इसके कारण लगभग 100 मिलियन लोग प्रभावित होंगे। इतना ही नहीं,वर्ष 2030 तक भारत में जल की मांग, उसकी पूर्ति से लगभग दोगुनी हो जाएगी। आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 1994 में पानी की उपलब्धता प्रति व्यक्ति 6000 घनमीटर थी, जो वर्ष 2000 में 2300 घनमीटर रह गई तथा वर्ष 2025 तक इसके और घटकर 1600 घनमीटर रह जाने का अनुमान है।आँकड़े दर्शाते हैं कि भारत के शहरी क्षेत्रों में 970 लाख लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिलता है,जबकि देश के ग्रामीण इलाकों में तकरीबन 70 प्रतिशत लोग प्रदूषित पानी पीने और 33 करोड़ लोग सूखे वाली जगहों में रहने को मजबूर हैं। बहरहाल,हम जानते हैं कि आज देश की आबादी लगातार बढ़ती चली जा रही है। शहरीकरण, औधोगिकीकरण में लगातार बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में बढ़ती आबादी, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के बीच जल की जरूरतों को पूरा कर पाना कोई आसान काम नहीं है। जल के प्रति हमारी एक आम सोच यह भी है कि जल एक कभी भी नहीं समाप्त होने वाला धरती का बड़ा संसाधन है।हम आज पानी को व्यर्थ बहाते हैं। पानी की कीमत को हम नहीं समझते हैं। आज देश को बढ़ती आबादी के अनुरूप पाइप लाइनों के विस्तार, ट्रीटमेंट प्लांटों की संख्या में वृद्धि जैसी आधारभूत साधन-सुविधाओं की जरूरत है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने जल संरक्षण व स्वच्छ पेयजल की हर व्यक्ति तक उपलब्धता के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं। आज देश में जल संरक्षण को लेकर तरह तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं, आम आदमी को जागरूक किया जा रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि हर घर जल भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में वर्ष 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई एक योजना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2019 के केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की थी। गौरतलब है कि अपनी स्थापना के बाद से, इस योजना ने भारत में घरेलू स्वच्छ नल के पानी की उपलब्धता में उल्लेखनीय सुधार किया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर पर्याप्त मात्रा में निर्धारित गुणवत्ता वाला पीने का पानी उपलब्ध कराया गया है। इतना ही नहीं,ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक परिवार को नल कनेक्शन प्रदान करने हेतु जलापूर्ति अवसंरचना का विकास किया गया है।जलापूर्ति प्रणाली को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करने हेतु विश्वसनीय पेयजल स्रोतों का विकास सुनिश्चित किया गया है। यहां तक कि धूसर जल का प्रबंधन तक किया गया है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि घरेलू प्रक्रियाओं (जैसे बर्तन धोना, कपड़े धोना और स्नान करना) से उत्पन्न अपशिष्ट जल को धूसर जल कहा जाता है। इतना ही नहीं,विभिन्न संस्थाओं, प्रयोगशालाओं, परीक्षण और निगरानी आदि के माध्यम से समुदायों की क्षमता निर्माण किया गया है, लेकिन इन सबके बावजूद भी क्या यह तथ्य चिंताएं पैदा नहीं करता है कि सर्वे में देश के 485 शहरों को मिलाकर मात्र 46 नगर पालिकाएं ही स्वच्छ पानी के लिए तय मापदंडों पर 100 प्रतिशत खरी उतरी है। शेष सभी जगह पानी स्वच्छ नहीं है। आज शहरों ही नहीं, गांवों में वाटर प्यूरीफायर,आर ओ लगने लगें हैं, क्यों कि पानी प्रदूषित है। कुछ लोग गांवों में फिटकरी पाउडर/ब्लीचिंग पाउडर वगैरह छिड़क कर तो कुछ लोग पानी को उबालकर और छानकर तक प्रयोग में ला रहें हैं अथवा कुछ लोग बाहर से (आर.ओ.) से पानी की सप्लाई अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों में मंगवाते हैं।सच तो यह है कि इन सब उपायों के बावजूद लोगों को पीने का शुद्ध पानी प्राप्त करने के लिए काफी मशक्कत व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नीति आयोग की वर्ष 2018 की रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि स्वच्छ जल के अभाव में हर साल दो लाख से ज्यादा लोगों की जान जा रही है। पाठकों को बताता चलूं कि नीति आयोग की इसी रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 600 मिलियन लोगों को पानी के तनाव का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 40% है।एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2015 में भारत में 0.5 मिलियन मौतें अस्वच्छ जल स्रोतों की वजह से हुई थीं। पाठकों को बताता चलूं कि दूषित जल पीने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, दिमागी बुखार, पेचिश, टाइफ़ॉइड, पीलिया, हैजा

# ब्रह्माण्ड की गुत्थियों को सुलझाता मन



नव मन कभी किसी चीज से इतना आश्चर्यचकित नहीं हुआ जितना ब्रह्माण्ड से। ब्रह्माण्ड के सभी पहलू सदैव से ही मानव के लिए एक पहेली रहे हैं। यहाँ तक कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की लम्बी छलांगों से भी हमारे ब्रह्माण्ड की सम्पूर्ण जानकारी नहीं मिल सकी। हम सदैव अपने ब्रह्माण्ड के बारे में इतने कल्पनाशील होते हैं ! कोई भी वैज्ञानिक आविष्कार कभी भी हमारी जिज्ञासाओं को तृप्त नहीं कर सकता! जितना अधिक हम अपने ब्रह्माण्ड के बारे जानते हैं, उतना ही हम इसके बारे में अनभिज्ञ-से हो जाते हैं। सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड हमारे मष्तिष्क में जम कर बैठा है और हमें उसके रहस्यों को सुलझाने के लिए लुभा रहा है! विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने हमारी सोच को पूरे ब्रह्माण्ड को एक बड़ी मशीन के रूप में और पृथ्वी को ब्रह्माण्ड से कटी एक स्वतंत्र इकाई के रूप में विश्लेषण करने के लिए प्रेरित किया है। चार्ल्स डार्विन के अपने अन्वेषण में प्रजातियों के विकास के बारे में बहुत प्रशंसित सिद्धांत 'प्राकृतिक चयन के माध्यम से प्रजातियों की उत्पत्ति' पृथ्वी को ब्रह्माण्ड से विलग कर देती है। जैसे कि जीवन की प्रक्रियाएं पृथ्वी से हे प्रारम्भ होती हैं और वहीँ उनका अंत हो जाता है और पृथ्वी ग्रह के इतर कोई कारक इसमें हस्तक्षेप नहीं करता! पूरे ब्रह्माण्ड के संगीतमय स्पंदन की अनुभूति करने के लिए हमारी विचार प्रणाली में कोई जगह नहीं बची है। जीवन, जीवित ग्रह और ब्रह्माण्ड की वास्तविकताओं से सम्बंधित विचारों में परस्पर सम्बन्ध और सह-विकास की भावनाएं लुप्त-सी हो गईं हैं। मानों ब्रह्माण्ड का जीवन और जीवित ग्रह से कुछ लेना-देना नहीं! हमारी आर्थिक व्यवस्था हमारे अस्तित्व के गर्व का अंतिम स्रोत बन कर उभरी है। इन प्रणालियों ने मनुष्य को हर चीज के अंधाधुंध शोषण पर निर्भर बनाकर और पृथ्वी पर सह-अस्तित्व वाले जीवन के शेष रूपों से अलग करके मानव जीवन को हाशिए पर डाल दिया है। "मानव बनाम जीवन युद्ध" में मानव प्रजाति विजयी हो रही है, हालाँकि, यह विजय मानव प्रजाति को शनैः शनैः मौत की ओर धकिया रही है। यह भी सिद्ध किया जाता है कि ब्रह्माण्ड के बारे में हमारी गहरी जानकारी के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मूल रूप से उत्तरदायी हैं। लेकिन यह सच नहीं है। ब्रह्माण्ड हजारों वर्षों से हमारे समाजों में चर्चा के सबसे रुचिकर विषयों में से एक रहा है। ब्रह्माण्ड विज्ञान के क्षेत्र में हम सहत्राब्दियों से अग्रणीय और असाधारण रूप से समृद्ध रहे हैं। हमारे प्रचीन ग्रंथ ब्रह्माण्ड ज्ञान से परिपूर्ण हैं। हमने खगोलीय पिंडों की स्थिति के आधार पर अपने कैलेंडर विकसित किए हैं। हम सभी ग्रहों और चंद्रमाओं की स्थिति की सटीक गणना कर सकते हैं और उसके आधार पर हम सरलता से खगोलीय घटनाओं , जैसे चंद्र और सौर ग्रहण, शुक्र पारगमन, और इसी तरह की भविष्यवाणियां कर सकते हैं। आकाशगंगाओं और नक्षत्रों के बारे में तो हमारा ज्ञान अद्भुत रहा है। ब्रह्माण्ड की हमारी गहरी समझ के आधार पर हमने खगोल विज्ञान, ज्योतिष, भविष्य विज्ञान आदि विकसित किए गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और नासा के प्रादुर्भाव से पहले ही भारतवर्ष का ब्रह्मांडीय ज्ञान असाधारण रूप से उन्नत हो चुका था। मनुष्य सदैव अलौकिक जीवन के बारे में जिज्ञासु रहा है। पृथ्वी से परे जीवन की संभावनाओं के बारे में किसी समाचार का एक 'फ़्लैश' या एलियंस की बात मानव मन को मोहित करती है। मनुष्य की एक गहरी इच्छा यह जानने की रही है कि ब्रह्माण्ड में कहीं और भी जीवन है क्या। जब हम किसी अन्य ग्रह या चन्द्रमा पर जल, वातावरण, या कार्बनिक पदार्थ कि खोज के बारे में सुनते हैं तो हम रोमांचित हो जाते हैं और हमारा मन खुशी से झूम उठता है। "हम अकेले नहीं हैं" एक उपमा बन गया है जो किसी अन्य ग्रह को जानने की निर्विवाद खोज में अन्तर्निहित है, जो हमारी पृथ्वी की तरह जीवन से लैस हो। मानव मन किसी "अन्य पृथ्वी" के बारे ने आशान्वित हो स्वयं को कल्पना-पोषित कर रहा होता है। किसी अन्य ग्रह पर जीवन की सम्भावना के बारे में कोई साक्ष्य मिले तो हमारी आँखों में एक चमक आ जाती है। हमें लगता है जैसे हमें पृथ्वी पर ही जिंदगी का एक नया पट्टा मिल गया है। नई आशाएं और कल्पनाएं हमारी जिज्ञासाओं को पालती हैं, हमारे अन्वेषणों को जिन्दा रखती हैं, हमारे कार्यक्रमों और परियोजनाओं को नए आयाम देती हैं, और सबसे ऊपर, हमारे मष्तिष्क को ज्ञान की बूटी देती हैं। और आशाओं तथा कल्पनाओं का सबसे विस्तृत पटल है पृथ्वी से परे जीवन का विस्तार होने का साक्षी बनना। पारिस्थितिक दार्शनिक प्रोफेसर हेनरिक स्कोलिमोस्कि ने अपनी पुस्तक "द पार्टिसिपेटरी माइंड" में मानव मष्तिष्क की अद्भुत रचनात्मक क्षमताओं के दर्शन कराए हैं। मानव मन हर चीज में, हर घटना में, हर प्रक्रिया में भागीदारी करता है, चाहे वह आसपास हो, पृथ्वी पर हो, दूसरे गृहों पर हो, अथवा पूरे ब्रह्माण्ड में, और अपना एक "बुद्धि मंडल" बनाता चलता है। बुद्धि मंडल, जितना विराट और ब्रह्माण्ड में अंदर तक विस्तार लेता जाता है, उतना ही ब्रह्मांडीय ज्ञान हम अर्जित करते जाते हैं। हमारे जीवन का सबसे रोचक पहलू यह है कि हमारा मन ब्रह्माण्ड की रहस्यमई यात्रा पर रहता है, अपने प्रभामंडल का विस्तार करते हुए और ब्रह्माण्ड की उलझी गुत्थियों को सुलझाते हुए।



# नागा चैतन्य ने अपनी 25वीं फिल्म की साइन? करेंगे किशोर की फिल्म

नागा चैतन्य ने फिल्म तंडेल में अपने शानदार अभिनय से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म उनके करियर की 100 करोड़ रुपये कमाने वाली हिट फिल्म रही और इस फिल्म से उनके फिल्मी करियर को एक नई दिशा भी मिली। कथित तौर पर नागा जल्द ही डेब्यू डाइरेक्टर किशोर के साथ अपनी 25वीं फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। इन दिनों नागा साउथ निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडु के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। नागा जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग के खत्म होते ही अपने 25वें प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर देंगे। नागा चैतन्य ने नए डायरेक्टर किशोर के साथ यह फिल्म साइन की है।

## नागा की 25वीं फिल्म के डाइरेक्टर होंगे किशोर?

जानकारी के अनुसार, डेब्यू डाइरेक्टर किशोर की फिल्म में नागा चैतन्य को कहानी सुनते ही अपना किरदार बेहद पसंद आया और उन्होंने उनकी फिल्म करने के लिए तुरंत हामी भर दी है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हुई है। हो सकता है की नागा आने वाले दिनों में इस फिल्म की घोषणा भी कर दें।

## नागा की फिल्म तंडेल रही हिट

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की हिट फिल्म तंडेल सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, तंडेल 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज की जा चुकी है। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर नेटफ्लिक्स ने लिखा था, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।

## ओटीटी पर भी उपलब्ध है तंडेल

तंडेल फिल्म श्रीकाकुलम के मछुआरों से जुड़ी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है, जो अनजाने में पाकिस्तानी जलक्षेत्र में चले गए थे। तंडेल का निर्देशन चंदू मोंडेती ने किया है। इसकी पटकथा उन्होंने ही लिखी है और कहानी कार्तिक थीड़ा की है। नागा चैतन्य ने फिल्म में राजू का किरदार निभाया है और फिल्म की अभिनेत्री साई पल्लवी ने सत्या की भूमिका से सभी का दिल जीता लिया है।



# बिना सपोर्ट इंडस्ट्री में हूं, चैलेंजिंग रोल पसंद हैं

**पूर्व मिस इंडिया वर्ल्ड पूजा चोपड़ा जल्द ही खाकी द बंगाल चैप्टर वेब सीरीज में दिखेंगी। उनसे सीरीज और करियर समेत पर्सनल लाइफ पर हुई खास बातचीत...**

### आपका किरदार सीरीज में क्या है और इस शो से कैसे जुड़ीं?

किरदार के बारे में मोटा-मोटा यही बता सकती हूं कि बहुत ही ज्यादा रेलेवेंट किरदार है। मेरा किरदार बहुत ही मॉडर्न इंडिपेंडेन्ट और इंटेलिजेंट घरेलू लड़की का है। इसके लिए जब मुझे कॉल आई तो मैं थाईलैंड में थी और बर्थडे सेलिब्रेट कर रही थी। कास्टिंग डायरेक्टर ने कहा कि ये नीरज पांडे सर का प्रोजेक्ट खाकी 2 है। तो मैं बहुत ही ज्यादा एक्साइटेड हो गई क्योंकि मैंने इसका पहला पार्ट देखा हुआ था।

### काम पाने के लिए सेल्फ अप्रोच रहता है या ऑफर्स खुद आते हैं?

मैं आउटसाइडर हूं। यहां मेरा कोई गॉडफादर नहीं है जो मुझे पार्टीज में या फिर ब्रेकफास्ट में इंट्रोड्यूस कराएंगे। जिन डायरेक्टर्स के साथ मैं काम करना चाहती हूं। उन्हें आगे से मैसेज करती हूं कि मैंने आपकी ये फिल्म देखी या आपकी बड़ी फैन हूं।

### जिस कॉज के तहत ब्यूटी विथ द पर्पस टाइटल मिला था। क्या वह अब भी करती हैं?

मैं आज भी उस कॉज (नन्हीं कली) के लिए मदद करती हूं। उस कॉज के तहत उन बच्चियों की मदद की जाती है जिन्हें उनके पैरेंट्स छोड़ देते हैं। मैं इससे इसलिए भी जुड़ी हूं क्योंकि मेरे खुद के पिता ने मुझे एक समय एक्सेप्ट करने से मना कर दिया था क्योंकि उन्हें लड़का चाहिए था।

### करियर में अब तक की सफलता को लेकर क्या कहेंगी?

चाहे किसी के लिए अच्छा हो या न हो पर मुझे पता है कि मैंने जो किया है, जहां मैं बैठी हूं वो अपने दम पर किया है। एक वक्त हमें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं थी। आज मैं मुंबई में मेरी मां का सपना पूरा करके खुद का घर लेकर बैठी हूं। आज हम मां को विदेश ले जाते हैं हॉलिडे मनाने। ऐसा मेरी मां ने 40 साल पहले तो सोचा भी नहीं था कि मेरी बेटियां इतनी बड़ी हो जाएंगी कि मुझे प्राउड फील कराएंगी। बाकी मुझे हमेशा से चैलेंजिंग रोल करने पसंद हैं।



# शादी के बाद फिल्मों में वापसी करेंगी अदिति राव हैदरी

**अदिति राव हैदरी को लेकर खबर है कि वह अनिल रविपुडी द्वारा निर्देशित एक आगामी प्रोजेक्ट में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ काम करने के लिए बातचीत कर रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस अनाम फिल्म में अदिति राव हैदरी को मुख्य अभिनेत्री तौर पर कास्ट किया जाएगा। यह साउथ अभिनेता सिद्धार्थ के साथ उनकी शादी के बाद पहली फिल्म होगी।**

## विश्वंभरा की शूटिंग में व्यस्त हैं चिरंजीवी

चिरंजीवी फिलहाल वशिष्ठ द्वारा निर्देशित और यूवी क्रिएशन द्वारा निर्मित विश्वंभरा के निर्माण में व्यस्त हैं। फिल्म के शानदार विजुअल ट्रीट की उम्मीद है और इसे जल्द ही रिलीज किए जाने की संभावना है। विश्वंभरा की शूटिंग पूरी करने के बाद चिरंजीवी एक अन्य फिल्म के लिए निर्देशक श्रीकांत ओडेला के साथ काम करेंगे। रविपुडी के साथ उनकी अगली फिल्म बेहद खास होगी

## तेलुगु सिनेमा में अदिति की वापसी

अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ से शादी के बाद से किसी नई फिल्म की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अगर वह चिरंजीवी की फिल्म में भूमिका निभाती हैं तो इसका मतलब होगा कि यह उनके लिए तेलुगु सिनेमा में वापसी होगी और शादी के बाद उनकी पहली बड़ी फिल्म भी होगी। प्रशंसक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में उनके शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

## आखिरी बार हीरामंडी में नजर आई थीं अदिति

अदिति राव हैदरी को आखिरी बार नेटफ्लिक्स की हीरामंडी- द डायमंड बाजार में देखा गया था, जो 2024 की हिंदी भाषा की पीरियड ड्रामा सीरीज है। यह संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित और निर्देशित है। यह शो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लाहौर के हीरा मंडी में वेश्याओं के जीवन पर केंद्रित है। इसमें मनीषा कोइराला , सोनाक्षी सिन्हा और ऋचा चड्ढा जैसे कई सितारे शामिल थे।




# अक्षय कुमार के साथ दोस्ती पर जॉन अब्राहम का खुलासा



जॉन अब्राहम ने अपने करियर में कई चर्चित सितारों के साथ काम किया है। अक्षय कुमार भी लिस्ट में हैं। जॉन अब्राहम और अक्षय कुमार ने साथ में काम कर दर्शकों का काफी मनोरंजन किया है। दोनों सितारे गरम मसाला और देसी बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। दर्शक दोनों को एक बार फिर साथ में देखना चाहते हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जॉन अब्राहम ने खिलाड़ी के साथ काम करने की संभावनाओं पर बात की।

## अक्षय के साथ काम करना हॉलीडे मनाने जैसा

जॉन अब्राहम ने अक्षय कुमार के साथ दोबारा काम करने की संभावनाओं पर चुप्पी तोड़ी। उनसे जब गरम मसाला और देसी बॉयज के सीक्वल के बारे में पूछा गया तो एक्टर ने कहा, हां, हम दोनों में से किसी एक या दोनों फिल्मों को बनाने को लेकर बहुत उत्साहित हैं, क्योंकि वे मजेदार होंगी। मेरे लिए अक्षय के साथ काम करना छुट्टी मनाने जैसा है। वे एक अच्छे इंसान हैं, इसलिए हम अच्छा समय बिताएंगे।

## कॉमेडी फिल्में करना है पसंद

जॉन ने अक्षय के साथ अपनी मजबूत केमिस्ट्री के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि दो अभिनेताओं के बीच अक्षय और मेरे जैसी केमिस्ट्री है। इसके अलावा जॉन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कॉमेडी फिल्में करना सबसे ज्यादा पसंद है। एक्टर ने कहा, मुझे कॉमेडी पसंद है। जब आप थिएटर जाते हैं, तो आप हंसना चाहते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि कॉमेडी मजेदार होती है।

## खुद को बताया अक्षय से ज्यादा पाबंद

इसके अलावा जॉन अब्राहम ने अक्षय कुमार के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनकी और अक्षय कुमार का लाइफस्टाइल एक जैसा है। जॉन ने कहा, हम दोनों जल्दी उठते हैं। हम दोनों जल्दी सोते हैं। वह वाकई बहुत अनुशासित है। मेरा मानना है कि मैं थोड़ा ज्यादा अनुशासित हूं। जॉन ने मजाकिया अंदाज में आगे कहा, लेकिन अनुशासित होने का काम उन्हीं पर छोड़ देते हैं। अभिनेता जॉन अब्राहम इन दिनों फिल्म द डिप्लोमैट में नजर आ रहे हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर रही है।

# महिलाओं की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहिए काम



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा जल्द ही अपने गृहनगर मध्य प्रदेश जाने वाली हैं, जहां वे उन महिला कारीगरों के साथ समय बिताएंगी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने वाली उनकी एक खास पहल का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने यह पहल साल 2024 में शुरू की थी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करती है। उनका कहना है कि वे हमेशा से अपने माध्यम का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की महिलाओं को ऊपर उठाने के लिए करना चाहती थीं। कृतिका ने कहा, मेरी मां मध्य प्रदेश से हैं, इसलिए मेरे लिए इस जगह से गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव है। बचपन में उन्होंने मुझे चंदेरी और उसके खूबसूरत लोगों और कपड़ों की कारीगरी से परिचित कराया। उन्होंने कहा, जब हमने शुरुआत की थी, तो हमारा बड़ा लक्ष्य और कोशिश थी कि राज्य की महिलाओं, खासकर इस क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार दें, उन्हें सशक्त बनाएं और उनके काम को सामने लाएं। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि रोजगार बढ़ाएं, इन महिलाओं को अपनी पहचान दें और उन्हें उचित कीमतों का अधिकार दिलाएं, ताकि उनकी जिंदगी बेहतर हो सके। उन्होंने आगे कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हमें अपनी आवाज का इस्तेमाल महिलाओं की अगली पीढ़ी को ऊपर उठाने के लिए करना चाहिए। हम आगे बढ़ने के साथ-साथ अधिक से अधिक महिलाओं के साथ काम करना जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करेंगे। बता दें कि कृतिका उन प्रतिभाशाली कारीगरों के साथ समय बिताने की योजना बना रही हैं, जो उनका समर्थन कर रहे हैं। कृतिका अवसर प्रदान करने और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं के योगदान को पहचानने के महत्व को समझती हैं, खासकर मध्य प्रदेश के चंदेरी में गहरी सांस्कृतिक जड़ें रखने वाले हथकरघा और कपड़ा उद्योगों में।



# इंडो-अमेरिकन फिल्म के लिए साथ आए मनोज बाजपेयी-राणा दग्गुबाती

पिंजर (2003) की रिलीज के बाद मनोज बाजपेयी अभिनेता फ्रैंक लैंगेला के साथ एक अंतर्राष्ट्रीय फिल्म में अभिनय करने वाले थे, लेकिन यह प्रोजेक्ट सफल नहीं हुआ। दो दशक से अधिक समय बाद मनोज बाजपेयी ने अपनी फिल्मोग्राफी में एक इंडो-अमेरिकन फिल्म को जोड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता अब अमेरिकी फिल्म निर्माता बेन रेखी द्वारा निर्देशित एक अनाम हिंदी सोशल ड्रामा फिल्म में काम कर रहे हैं, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था।

## मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म

दिलचस्प बात यह है कि फिल्म का निर्माण राणा दग्गुबाती ने किया है, जो मनोज बाजपेयी के साथ उनका पहला सहयोग है। यह कथित तौर पर मनोज बाजपेयी की पहली इंडो-अमेरिकन फिल्म भी होगी। बेन रेखी इस अनाम नाटक की कहानी लिखी है। यह कहानी मनोज बाजपेयी द्वारा अभिनीत एक आम आदमी पर आधारित है, जिसकी पारिवारिक कठिनाइयां उसे एक उद्देश्य के लिए लड़ने के लिए मजबूर करती हैं।

## राणा दग्गुबाती कर रहे फिल्म का निर्माण

मिड-डे की रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की कहानी परिवार की यात्रा के माध्यम से एक सामाजिक मुद्दे को उजागर करेगी। इस फिल्म की शूटिंग पिछले साल मुंबई में हुई थी और इसके कलाकारों में शहर के कुछ थिएटर कलाकार भी शामिल हैं। राणा दग्गुबाती का प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया इस प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहा है।

## फिल्म की कहानी

अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती और मनोज बाजपेयी पिछले कुछ वर्षों में डिस्कवरी प्लस शो के जरिए एक-दूसरे से मिले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह राणा के प्रोडक्शन और लॉस एंजिल्स स्थित बैनर के बीच सहयोग है। मनोज एक आम आदमी की भूमिका निभा रहे हैं, जिसका परिवार मुसीबत में फंस जाता है और उसे एक मुद्दे के लिए लड़ना पड़ता है। निर्माता रिलीज योजना को अंतिम रूप देने तक इस फिल्म को गुप्त रख रहे हैं।



# करण कुंद्रा ने तेजस्वी संग शादी पर की खुलकर बात



अभिनेता करण कुंद्रा ने खुलकर बात की। बातचीत के दौरान तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने कई जानकारी भी शेयर किए। एक पुराने वीडियो का जिक्र करते हुए करण ने शादी की क्या योजना है इस पर मजाकिया अंदाज में बताया, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा, तो मैं इसके बारे में सोचना शुरू कर दूंगा। मैं यह भी विचार करूंगा कि शादी का आयोजन बड़े या फिर छोटे पैमाने पर होगा। करण ने बताया कि तेजस्वी मेरे लिए बेहद खास है। करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने उत्साह से जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी।

### वेस्टसाइड ने अपना 243 वां स्टोर जयपुर में शुरू किया

# ट्रेंट लिमिटेड के तहत एक टाटा उद्यम वेस्टसाइड ने राजस्थान में अपना नया स्टोर शुरू किया है

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर (का.सं.)। प्रतिष्ठित भारतीय परिवार - टाटा का एक उद्यम वेस्टसाइड ने अपना सबसे नया स्टोर जयपुर में शुरू किया है। यहां के फैशनप्रेमियों को प्रभावित करने के उद्देश्य से शुरू नए वेस्टसाइड का पता - 68/5, प्रताप नगर, जयपुर, राजस्थान - 302033। यह स्टोर 25,602 स्क्वायर फ़ीट का है। मौका कोई भी हो, उसके लिए स्टाइल को आसान बनाने के लिए इस स्टोर में वेस्टसाइड ब्रांड के कपड़ें, एक्सेसरीज़, कॉस्मेटिक्स, फुटवेयर, होम - सब कुछ एक ही छत के निचे ख़रीदा जा सकता है। नया वेस्टसाइड स्टोर असाधारण रिटेल अनुभव प्रदान करने के ब्रांड के विज़न को प्रस्तुत करता है। कॉन्टेम्पररी और मॉडर्न फैशन ट्रेंड्स की खरीदारी, वो भी बहुत ही अच्छी कीमतों में यहां आसानी से की जा सकती है। सभी बारीकियों पर ध्यान देते हुए, सुविधाजनक तरीके से रखे गए डिस्प्ले में सबसे नए फैशन को दर्शाया जाता है, उपभोक्ताओं को निर्बाध खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए यह स्टोर प्रतिबद्ध है। अनोखी स्टाइल के साथ-साथ नयापन और ताज़गी बरक़रार रखने पर बहुत ध्यान दिया जाता है। यहां के कलेक्शन को हर तीन हफ़्तों में एक बार शुक्रवार को रिफ्रेश किया जाता है।

लेडीज़ के लिए वेस्टसाइड की सौगात, फैशन के सबसे पसंदीदा लेबल्स के साथ, कीजिए सबसे बेहतरीन कीमतों में मनचाही खरीदारी। वेस्टसाइड में भारतीय कपड़ें भी वेस्टर्न वेयर जितने ही फैशनेबल और आकर्षक हैं। उत्सा का कलेक्शन बहुमुखी है, हर दिन के एथनिक वार्डरोब के लिए आधुनिक समाधान यहां मिलेंगे। सबसे पसंदीदा ब्रांड बॉम्बे पेस्ले में कॉन्टेम्पररी, क्रिएटिव, मुक्त और फ्यूजन प्रस्तुत किया गया है। वर्क में आपको आधुनिक, भव्य, वार्म और सोफिस्टिकेटेड प्रसंगों के अनुरूप एथनिक वेयर मिलेगा। दूसरी ओर ज़ुबा प्रीमियम डे-वेयर है जो शान और आधुनिकता को दर्शाता है।

पार्टी-ग्लैम की दीवानी और फैशन के लिए उत्साही सभी युवा लड़कियों के लिए नुऑन है। यह युवाओं का ब्रांड है। स्मार्ट और फेमिनिन कॅज्यूअल्स ढूंढ रहे हैं? सब सटल और फ्लैटरिंग एल ओ वी में मिल जाएगा तो आपको कही और जाने की ज़रूरत ही नहीं होगी। जिया में सभी कर्वी महिलाओं के लिए स्मार्ट, कैज्युअल और सुविधाजनक कलेक्शन मिल जाएगा। वार्डरोब में मिलेगा 9 टू 9 फैशन, यह वर्कवेयर स्टाइलिश, सोफिस्टिकेटेड और आत्मविश्वासपूर्ण है। कैज्युअल्स से लेकर फ्यूजन और भारतीय परिधान तक, हर उपभोक्ता की पसंद और ज़रूरत यहां पूरी होगी।

वेस्टसाइड ने अपने पुरुष उपभोक्ताओं का भी पूरा ध्यान रखा है। डब्ल्यूईएस में लाउन्ज वेयर के साथ वर्क टू वीकेंड रेंज है जो आरामदेह और शहरी है। फैशन सबसे पहले यह जिनका मानना होता है ऐसे मिलेनियल्स के लिए न्यूऑन मेन एक बहुत ही आसान और सुविधाजनक कलेक्शन है, इसका बहुत ही सोच-समझकर बनाया गया स्ट्रीट-वेयर हमेशा ट्रेंडिंग रहता है। ई. टी. ए. रिलैक्स्ड अर्बन वेयर है जिसमें विशेष एथनिक टच दिया गया है। ज़्यादा भारतीय, कलात्मक और आधुनिक एथनिक स्टाइल्स से प्रेरित होकर बनाया गया है।

स्टूडियो वेस्ट में न केवल भारतीय महिलाओं बल्कि पुरुषों के लिए भी ब्यूटी उत्पादों की एक्सक्लूसिव रेंज उपलब्ध कराई गयी है। कॉस्मेटिक्स, फाइन फ्रैगरैंस और मिस्ट, लक्ज़रीयस बाथ और बॉडी प्रोडक्ट्स के साथ यह कॉस्मेटिक रेंज कूल और आधुनिक है, इसे बेहद नए, क्रिएटिव तरीकों से बनाया गया है। आत्मविश्वासपूर्ण और स्वयं को अभिव्यक्त करना पसंद करने वाले, हर फैशनेबल व्यक्ति के लिए यह रेंज बनी है।

वेस्टसाइड के किड्स वेयर में फैशन और फंक्शनैलिटी का बढ़िया मेल किया गया है। बेहद खूबसूरत और ट्रेंडी आउटफिट्स आपके बच्चे की खुशियों और उत्साह को चारचांद लगाएंगे। आकर्षक ड्रेसेस और स्टाइलिश टॉप्स से लेकर कोज़ी निटवेयर और कई तरह के टॉप्स के साथ पहने जाने वाले बॉटम्स तक वेस्टसाइड में हर प्रसंग के अनुरूप कपड़ें मिल जाते हैं।

आराम और स्टाइल को एक साथ लाकर बनाया गया वेस्टसाइड का फुटवेयर कलेक्शन बहुत ही आकर्षक है। कैज्युअल स्नीकर्स, एलिगेंट हील्स, स्टर्डी बूट्स या स्पोर्टी सैंडल्स वेस्टसाइड में हर किसी को अपना मनचाहा पेयर मिल ही जाता है। आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ चलने की ख़ुशी पानी है तो वेस्टसाइड का खूबसूरत फुटवेयर कलेक्शन खरीदिए।

आपके बेडरूम, किचन और लिविंग रूम के लिए एक से बढ़कर एक, बेहतरीन डेकोरेशन आइटम आपको यहां मिलेंगे। बहुत ही आराम से खरीदारी करने का लुफ्त उठाइए। वेस्टसाइड होम के खूबसूरत और अनोखे उत्पादों के साथ अपने घर की शान बढ़ाइए।

इतनाही नहीं, आपके खरीदारी के अनुभव को और भी ज़्यादा बढ़ाने के लिए वेस्टस्टाइलक्लब मेम्बरशिप भी है, सबसे बढ़िया सेवा और बर्थडे ट्रीट्स का आनंद लीजिए।

इतना सब कुछ अगर एक ही छत के निचे मिल रहा है तो अब शॉपिंग प्लान्स में देरी क्यों करनी? नए वेस्टसाइड में तुरंत जाइए और मनचाही खरीदारी का लुफ्त उठाइए।

# अपना भविष्य सुरक्षित करें: 2025 के लिए स्वास्थ्य बीमा क्यों एक स्मार्ट निवेश है

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(एजेंसी)। ऐसे दौर में जब स्वास्थ्य सेवा के खर्च अभूतपूर्व दर से बढ़ रहे हैं, सिर्फ़ निजी वित्त पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है। अप्रत्याशित मेडिकल इलाज में बचत को तेजी से समाप्त कर सकती हैं, जिससे स्वास्थ्य बीमा बढ़ती लागतों के खिलाफ़ एक ज़रूरी सुरक्षा बन जाता है और आर्थिक तनाव के बिना गुणवत्तापूर्ण देखभाल तक पहुँच सुनिश्चित होती है। स्वास्थ्य में निवेश करके, आप अपने और अपने परिवार के भविष्य और बदले में, अगली पीढ़ी के भविष्य में निवेश कर रहे हैं।आधुनिक स्वास्थ्य बीमा अस्पताल में भर्ती होने से कहीं आगे बढ़कर ओपीडी परामर्श, टेलीमेडिसिन, निवारक जांच और स्वास्थ्य कार्यक्रमों को कवर करता है। पॉलिसियों में अब मातृत्व देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समग्र कवरेज के लिए पुनर्वास मेडिकल शामिल है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बढ़ने के साथ, आर्थिक सुरक्षा महत्वपूर्ण है। रोग-विशिष्ट पॉलिसियाँ और गंभीर बीमारी राइडर्स दीर्घकालिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, जबकि निवारक स्वास्थ्य सेवा प्रारंभिक पहचान में सहायता करती है और मेडिकल लागत को कम करती है।

यह आवश्यक स्वास्थ्य सेवा कवरेज प्रदान करने के साथ-साथ आयकर अधिनियम की धारा 80 के तहत महत्वपूर्ण कर लाभ भी देता है। स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर कर कटौती होती है, जो इसे आर्थिक रूप से समझदारी भरा निवेश बनाता है। 60 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति अपने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर सालाना 25,000 तक की कटौती का दावा कर सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए, यह सीमा उनके उच्च मेडिकल व्यय को स्वीकार करते हुए ?50,000 तक बढ़ जाती है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड मार्केटिंग ऑफिसर सुब्रमण्यम ब्रह्मजोसुला ने कहा, ÷जैसे-जैसे नया आर्थिक वर्ष नजदीक आ रहा है, करदाता 2025 में आईटीआर दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं। नई और पुरानी कर व्यवस्थाओं के बीच चयन करने के लिए आय, कटौती और आर्थिक लक्ष्यों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होती है। जबकि नई कर व्यवस्था कम कटौती के साथ कम कर दरों की पेशकश करती है, पुरानी कर व्यवस्था व्यक्तियों को छूट और कटौती का दावा करने की अनुमति देती है, जिससे यह महत्वपूर्ण पात्र व्यय वाले लोगों के लिए फायदेमंद हो जाता है। पुरानी कर व्यवस्था के तहत उपलब्ध एक प्रमुख कटौती आयकर अधिनियम की धारा 80के तहत स्वास्थ्य बीमा है। करदाता अपने और अपने परिवार के लिए स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 25,000 तक की कटौती का दावा कर सकते हैं, जो वरिष्ठ नागरिक माता-पिता को कवर करने पर 50,000 तक बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त, 5,000 तक की निवारक स्वास्थ्य जांच इस सीमा में शामिल हैं। एसबीआई जनरल हेल्थ इंश्योरेंस विविध स्वास्थ्य सेवा आवश्यकताओं के अनुरूप किफायती, लचीली योजनाएं प्रदान करता है। अस्पताल में भर्ती, ओपीडी परामर्श, मातृत्व लाभ और गंभीर बीमारी सहित व्यापक कवरेज के साथ, पॉलिसीधारक मजबूत आर्थिक सुरक्षा का आनंद लेते हैं जैसे ही हम नए आर्थिक वर्ष में प्रवेश करते हैं, आर्थिक स्वास्थ्य और स्थिरता की दिशा में स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में निवेश करना एक आवश्यक कदम है। एसबीआई जनरल हेल्थ इंश्योरेंस व्यक्तियों और परिवारों के लिए किफायती, व्यापक और विश्वसनीय कवरेज प्रदान करता है। स्वास्थ्य बीमा केवल एक खर्च नहीं है, यह आपके आर्थिक और शारीरिक स्वास्थ्य में एक बुद्धिमान निवेश है।

# एनएसडीसी, आईआईटी मंडी और एनसीयू गुरूग्राम ने सेमीकंडक्टर डिज़ाइन एण्ड टेक्नोलॉजी में बी.टेक कोर्स उपलब्ध कराने के लिए की साझेदारी

**जयपुर टाइम्स**

नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), आईआईटी मंडी और नोर्थकैप युनिवर्सिटी (एनसीयू) गुरूग्राम ने सेमीकंडक्टर डिज़ाइन एण्ड टेक्नोलॉजी प्रोग्राम में बी.टेक कोर्स लॉन्च करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आज नई दिल्ली के कौशल भवन में इस समझौता ज्ञापन पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत के अनुसार ज्ञान एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर देश-विदेश में सेमीकंडक्टर उद्योग में कुशल पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। इस चार वर्षीय प्रोग्राम में आठ सेमेस्टर होंगे, जो छात्रों को सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे नैनोटेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर मटीरियल इंजीनियरिंग, सेमीकंडक्टर फिज़िक्स, माइक्रोफैब्रिकेशन, सेमीकंडक्टर इक्विपमेन्ट डिज़ाइन एण्ड टेक्नोलॉजी तथा मैनुफैक्चरिंग के आधुनिक विषयों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। प्रोग्राम के तहत ऐप्लीकेशन-उन्मुख लर्निंग में 25 क्रेडिट्स शामिल होंगे, जिन्हें एनसीयू, एनएसडीसी और आईआईटी मंडी द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। डिग्री एनसीयू द्वारा दी जाएगी। इससे सेमीकंडक्टर में भारतीय युवाओं का कौशल बढ़ाने में मदद मिलेगी और निश्चित रूप से इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा।

प्रोग्राम के मुख्य पार्टनर के रूप में एनएसडीसी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर प्रोग्राम के सुगम संचालन को सुनिश्चित करेगा। यह अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म के ज़रिए छात्रों का नामांकन करने और योग्य उम्मीदवारों को लोन उपलब्ध कराने में मदद करेगा। एनएसडीसी लर्निंग के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म की भूमिका निभाएगा, जहां सभी लेक्चर्स, असाइनमेन्ट, एआई-इनेबल्ड वीडियो एवं लर्निंग के अन्य संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके अलावा एनएसडीसी छात्रों को इंटर्नशिप एवं प्लेसमेन्ट में भी सहयोग प्रदान करेगा।

यह प्रोग्राम आधुनिक सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी पर फोकस करते हुए छात्रों को अकादमिक एवं व्यवहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

इस साझेदारी एवं प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए श्री वेद मणि तिवारी, सीईओ, एनएसडीसी और एमडी एनएसडीसी इंटरनेशनल ने कहा, ''एनएसडीसी में हम शिक्षा एवं कौशल प्रणाली को एनईपी 2020 के अनुरूप बनाना चाहते हैं। ताकि खासतौर पर छोटे नगरों एवं शहरों के छात्र लर्निंग के विश्वस्तरीय अवसरों का लाभ उठा सकें। आईआईटी मंडी एवं नोर्थकैप युनिवर्सिटी के साथ साझेदारी उच्च शिक्षा में उद्योग जगत के अनुकूल कौशल को शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विश्वस्तर पर विख्यात कौशल पाठ्यक्रमों को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के ज़रिए डिग्री प्रोग्रामों में शामिल कर हम अकादमिक एवं उद्योग जगत के बीच के अंतर को दूर करना चाहते हैं और अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना चाहते हैं। इस पहल से न सिर्फ युवाओं की रोज़गार क्षमता बढ़ेगी बल्कि वे सेमीकंडक्टर उद्योग में इनोवेशन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे, जो भारत के तकनीकी विकास के लिए मुख्य सेक्टर है।'

आईआईटी मंडी की फैकल्टी छात्रों के लिए विशेष कोर्स लेकर आएगी। चार सालों के दौरान छात्रों को संस्थान की आधुनिक लैबोरेटरीज़ में छह व्यवहारिक इमर्ज़न प्रोग्रामों में हिस्सा लेने का अवसर भी मिलेगा।

# गोदरेज वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक के लिए वहनीय उत्पादों के साथ मुंबई के बुनियादी ढांचे का कर रही है विस्तार

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(एजेंसी)। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का निर्माण व्यवसाय, टेम्परारी एक्सेस ब्रिज (टैब -अस्थायी पहुंच पुल) के लिए 3,500 से अधिक प्रीकास्ट कंक्रीट सैक्रिफिशियल स्लैब और सैक्रिफिशियल फॉर्मवर्क के लिए 500 प्रीकास्ट कंक्रीट टैब कॉम्पोनेन्ट का निर्माण और आपूर्ति कर मुंबई के इंट्रा-सिटी परिवहन नेटवर्क को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हर प्रीकास्ट कंक्रीट सैक्रिफिशियल स्लैब को मज़बूती और स्थायित्व के उच्च मानकों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह परियोजना बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के लिहाज़ से उन्नत समाधान प्रदान करने में गोदरेज की विश्वसनीय विशेषज्ञता को दर्शाती है जो नवोन्मेषी और वहनीय भी हैं। गोदरेज, कोर इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं में पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अमल में लाकर वहनीय विकल्पों के साथ भारत के शहरी भविष्य को आकार देने में मदद कर रहा है और इस तरह प्रगति को पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के साथ संतुलित किया जा रहा है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष और निर्माण व्यवसाय के व्यवसाय प्रमुख, अनूप मैथ्यू ने कहा, हम निर्माण से जुड़े नवोन्मेषी और वहनीय समाधान प्रदान कर भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में तेज़ी लाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पर्यावरण पर कम दुष्प्रभाव डालने वाली निर्माण सामग्री और सर्कुलर निर्माण प्रथाओं को अपनाकर भारत में वहनीय बुनियादी ढांचे के विकास के भविष्य में सक्रिय योगदान कर रहे हैं। मौजूदा वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक परियोजना में हमारा योगदान इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अपेक्षाकृत अधिक वहनीय निर्माण सामग्री के ज़रिये और संसाधन का दक्षता से इस्तेमाल कर हम संरचनात्मक मज़बूती और वांछित




वहनीयता सुनिश्चित करते हुए इस परियोजना के पर्यावरण पर होने वाले संभावित दुष्प्रभाव को कम करने में मदद कर रहे हैं। इससे गोदरेज की भारत के बुनियादी ढांचे को अधिक ज़िम्मेदारी से बनाने की प्रतिबद्धता रेखांकित होती है और वहनीयता का हमारे इंजीनियरिंग समाधानों में सबसे प्रमुख स्थान है। गोदरेज के प्रीकास्ट कंक्रीट कॉम्पोनेन्ट के कंक्रीट मिक्स डिज़ाइन में 10 रिसाइकल किए गए (पुनर्चक्रित) कंक्रीट एग्रीगेट (आरसीए) का उपयोग किया गया है, जिसका उत्पादन मुंबई के विक्रोली में स्थित इसके अत्याधुनिक कंक्रीट मलबे के रीसाइक्लिंग संयंत्र में उत्पादित किया जाता है। पूरी तरह से हरित ऊर्जा द्वारा संचालित इस संयंत्र ने अपनी उन्नत विनिर्माण दक्षता और पर्यावरण मानकों के लिए भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) ग्रीनको गोल्ड प्रमाणन प्राप्त किया है। गोदरेज निर्माण और भवन तोड़ने से निकले कचरे को शानदार भवन और निर्माण सामग्री में बदलकर, रियल एस्टेट और निर्माण उद्योग में सर्कुलर अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के प्रयास का नेतृत्व कर रही है।

यह परियोजना वहनीय निर्माण सामग्री के लिहाज़ से अग्रणी, गोदरेज के नेतृत्व को प्रदर्शित करती है, जो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए विश्वसनीय भागीदार है। रियल एस्टेट और निर्माण क्षेत्र पर पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभाव को कम करने का दबाव है, ऐसे में गोदरेज नवोन्मेष, प्रदर्शन और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी को संतुलित करने के लिहाज़ से नए मानक स्थापित कर रहा है। इससे साबित होता है कि इस तरह के पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प हम सभी को भारत के बुनियादी ढांचे के विकास को सही दिशा में आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

## सीडीएसएल आईपीएफ ने निवेश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बीएसएफ अधिकारियों को आत्मनिर्भर निवेशक बनने के लिए शिक्षित किया

**जयपुर टाइम्स**

जैसलमेर (नि.सं.)। सीडीएसएल निवेशक सुरक्षा कोष (सीडीएसएल आईपीएफ) ने राजस्थान के जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों के लिए निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सत्र सीमा सुरक्षा बल, रामगढ़ में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य बीएसएफ अधिकारियों को वित्तीय सुरक्षा और सूचित निवेश के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम का मुख्य विषय था डिपॉजिटरी सेवाओं के बारे में निवेशकों की जागरूकता और अपंजीकृत निवेश सलाहकारों, वित्तीय-प्रभावकों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और घोटालों से खुद को कैसे सुरक्षित रखें। स्पष्टता और सुगमता सुनिश्चित करने के लिए, सत्र हिंदी भाषा में आयोजित किया गया, जिससे पूंजी बाजारों में निवेश के मूल सिद्धांतों पर चर्चा हुई। विशेषज्ञ वक्ताओं ने सुरक्षित निवेश प्रथाओं के महत्व, डिपॉजिटरी सेवाओं की भूमिका और धोखाधड़ी वाली योजनाओं, अनियमित सलाहकारों और डिजिटल वित्तीय घोटालों की पहचान करने के लिए प्रमुख खतरों पर प्रकाश डाला। व्यक्तियों को निशाना बनाकर की जाने वाली वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के साथ, कड़ी मेहनत से कमाए गए धन की सुरक्षा के लिए निवेशक शिक्षा आवश्यक है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु डिजिटल आवेदन सेवा का शुभारंभ

**जयपुर टाइम्स**

मुंबई(एजेंसी)। भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नई प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी (पीएम-विद्यालक्ष्मी) योजना को लाइव करने की घोषणा की। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना भारत सरकार की एक पहल है जो विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है और यह सुनिश्चित करती है कि वित्तीय बाधाओं के कारण भारत के युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहें।आवेदक बैंक ऑफ़ बड़ौदा से डिजिटल रूप से पीएम-विद्यालक्ष्मी पोर्टल के माध्यम से पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं। देश भर के छात्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के पास 8,300 से अधिक शाखाओं के अतिरिक्त 12 समर्पित शिक्षा ऋण स्वीकृति सेल (ईएलएससी) और 119 रिटेल आस्ति प्रोसेसिंग सेल (आरएपीसी) उपलब्ध हैं। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा, पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना एक अत्यधिक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य योग्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करेगी कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए सुलभ हो। इसके साथ ही, शिक्षा ऋण की पूरी प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से एंड-टू-एंड डिजिटल प्रोसेसिंग के कारण सहज एवं बाधारहित है। हमें प्रसन्नता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा इस योजना को लाइव करने वाले पहले बैंकों में से एक है। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना एक विशेष ऋण उत्पाद है जो पूरी तरह से डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से सुलभ, कॉलेटरल-मुक्त, गारंटर-मुक्त शिक्षा ऋण को सक्षम बनाता है। देश के शीर्ष 860 चिन्हित गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले सभी छात्र इस योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। बैंकों को कवरेज का विस्तार करने में प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार द्वारा 7.5 लाख तक की ऋण राशि पर 75त्न क्रेडिट गारंटी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, लक्षित समूहों हेतु शिक्षा ऋण को और अधिक किफायती बनाने के लिए, यह योजना कम आय वाले परिवारों के विद्यार्थियों को आंशिक/पूर्ण ब्याज अनुदान प्रदान करती है। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अलावा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत में सभी पाठ्यक्रमों के लिए 7.5 लाख तक का कॉलैटरल-मुक्त शिक्षा ऋण प्रदान करता है। बैंक भारत में 384 चिन्हित प्रमुख संस्थानों में अध्ययन करने वाले छात्रों को ?40.00 लाख तक के कॉलैटरल-मुक्त शिक्षा ऋण भी प्रदान करता है। बैंक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थित प्रमुख संस्थानों में अध्ययन करने के लिए ?50.00 लाख तक के कॉलैटरल-मुक्त ऋण प्रदान करता है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के माध्यम से पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक यहां क्लिक कर सकते हैं।

## ईद का लुत्फ़ उठाएं मोदीकेयर के शुद्ध घी,स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ

**जयपुर टाइम्स**

कश्मीरी केसर और प्राकृतिक स्टीविया पाउडर के साथ शीर खुरमा को बनाएं खास स्वादिष्ट और खुशबूदार शीर खुरमा के बिना ईद का त्योहार अधूरा है, यह एक पारम्परिक मिठाई है जो परिवारों को एक दूसरे के साथ जोड़ती है।

त्योहारों के इस सीज़न दूध, सिवईंयों, सूखे मेवों और उच्च गुणवत्ता के इन्ग्रीडिएन्ट्स के साथ इसके स्वाद को बेहतरीन बनाएं। मोदीकेयर के शुद्ध काओ घी, मोदीकेयर के कश्मीरी केसर की बेहतरीन खुशबू और स्टीविया की सेहतमंद मिठास के साथ स्वादिष्ट अनुभव पाएं।

आप बड़ी दावत रख रहे हैं या परिवार के साथ मिलकर ईद का जश्न मना रहे हैं, ये प्रीमियम इन्ग्रीडिएन्ट्स आपके त्योहार को लक्ज़री अहसास देंगे।

**सॉल फ्लेवर काओ घी**

मोदीकेयर की ओर से सॉल




फ्लेवर काओ घी को गाय के दूध से बनाया जाता है, जो बेहतरीन खुशबू और दानेदार टेक्सचर के साथ आपके घर में बनी खास मिठाईयों को बेहद स्वादिष्ट बना देगा।

यह घी ओमेगा 3 एवं 6 और फैट सोल्युबल विटामिन जैसे ए, ई और के से भरपूर हैं, जो अच्छे सेहत के लिए ज़रूरी हैं।

# प्रभारी मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

### सरकार आमजन के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत,

### सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जनता के हित में कार्य करना- प्रभारी मंत्री गौतम कुमार

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)** सरकार की बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन, लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं राज्य सरकार के विकास कार्यो की समीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक गुरूवार को सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारीगण बजट घोषणाओं को प्राथमिकता पर लेते हुए उन्हें पूर्ण करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की तय समयावधि में धरातल पर उतरने से ही आमजन को लाभ मिल सकता है। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की क्रियान्विति व वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि उनके विभागों की बजट घोषणाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारने के लिए काम में तेजी लाए और किसी भी प्रकार की देरी या अड़चनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। सवाई माधोपुर में 400 केवी जीएसएस, गंगापुर सिटी चूली में 33/11 केवी जीएसएस, गंगापुरसिटी में रोड़वेज बस स्टेण्ड, खेल स्टेडियम, महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास, कृषि महाविद्यालय, खण्डार में रामेश्वर घाट त्रिवेणी संगम का विकास, हेरिटेज ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए खण्डार किले का विकास, हम्मीर सर्किल से गणेशधाम सर्किल तक सड़क का उन्नयन, रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेण गणेश मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न सुविधाओं, ग्रामीण ट्यूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भूरी पहाड़ी के विकास आदि बजट घोषणाओं के संबंध में भूमि चिन्हिकरण, भूमि आवंटन की आवश्यकता, प्रशासनिक एवं विश्नीय स्वीकृति, कार्यादेश व कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर घोषणाओं की समीक्षा करते हुए धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अकृषि ऋणों की वसूली के लिए अधिनियम के अनुसार कार्यवाही की जाए तथा अवधिपार ऋणों की वसूली के लिए ऋणी सदस्यों को नोटिस देने के साथ ही समझाइस की जाए। उन्होंने अप्रैल से शुरू होने जा रही चना-सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद को लेकर राजफैड अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी सचिव दिलीप मीणा को किसानों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े तथा उन्हें घर के निकट ही अपनी उपज बेचान की सुविधा मिल सके इसके लिए बारदाने की समुचित व्यवस्था रखने, भण्डारण सुविधा का ध्यान रखने एवं बायोमीट्रिक व्यवस्था शीघ्र शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलदाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रबंधन को बेहतर करके लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध करावें एवं इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने हिदायत दी कि पानी - बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। बैठक में मंत्री ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे 15 अप्रैल तक कंटीजेन्सी प्लान के तहत जो भी कार्यवाही कर नलकूप या हैण्डपम्प खोदने एवं सही करवाने का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने विद्युत एवं जलदाय विभाग के अभियन्ताओं को गर्मियों में टीम भावना से कार्य कर लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में चिकित्सकों का मुख्यालय पर ठहराव सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग अन्तर्गत विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सड़क की रिपेयरिंग करते समय क्वालिटी का खास ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सभी राजकीय संस्थानों में समय-समय पर निरीक्षण की दृष्टि से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं और संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाएं, ताकि आमजन को मिल रही सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उपवन संरक्षक रामानंद भाकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उपखण्ड अधिकारी अनूप सिंह, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बीएल मीणा, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, सहित जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, खण्डार प्रधान नरेन्द्र चौधरी, नगर परिषद सभापति गंगापुर सिटी शिवरतन अग्रवाल, पूर्व उपसभापति राजेश गोयल, संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निष्ठावान कार्यकताओं को दिया जाएगा संगठन में मौका

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)**। विधानसभा प्रभारी डॉ. सुनील लारा ने बिजौलियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली। डॉ. लारा ने कहा कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकताओं को संगठन में मौका दिया जायेगा और खाली पदों को जल्द भरा जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी के विरुद्ध काम करने वालो को पार्टी में कोई मौका नही दिया जायेगा और पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष और मण्डल अध्यक्ष जल्द नियुक्त किए जाएंगे। प्रदेश कांग्रेस सचिव विभा माथुर, वन्दना माथुर,भूपेन्द्र सिंह, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी,शक्ति नारायण शर्मा,छीतर प्रजापत, विक्रम सोनी, अनिल राव, रामेश्वर सेन, सत्यनारायण मेवाड़ा, दिनेश पालीवाल, दिनेश धाकड़, जगदीश सांखला, अनिल टांक, कमलेश सेन, रामफूल धाकड़ मौजूद रहे।

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

क्रमांकः- एफ.1 () लेखा / रामनवमी / 2025-26 / 1355 दिनांक- 24.03.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में रामनवमी पर्व के लिए विशेष सजावट हेतु चुनरी / कपड़ा डेकोरेशन की अस्थाई रूप से व्यवस्था के लिए बोलीदाता / फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2025 से कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है। पूर्णरूपेण भरी हुई निविदाऐं दिनांक 02.04.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं की बोली दिनांक 02.04.2025 को दोपहर 2.00 बजे उपापन समिति द्वारा खोली जावेगी। उक्त कार्य की अनुमानित लागत 3.20 लाख रूपये रहेगी।
निविदा की अन्य शर्ते / विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना मय प्रपत्र व शर्ते विभागीय वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।
UBN : DEV 2425 SSOB00263

( रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त (प्रथम),
देवस्थान विभाग, जयपुर
DIPR/C/4381/2025

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

क्रमांकः- एफ.1 () लेखा / रामनवमी / 2025-26 / 1353 दिनांकः- 24-03-2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के नियन्त्रणाधीन राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 32 मंदिरों में रामनवमी पर्व के लिए लाईट डेकोरेशन करवायी जानी है। उक्त कार्यों के लिए बोलीदाता / फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा आमन्त्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र दिनांक 24.03.2025 से कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है । पूर्णरूपेण भरी हुई निविदाऐं दिनांक 02.04.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त कार्य की अनुमानित लागत 4.80 लाख रूपये रहेगी । निविदा की अन्य शर्ते / विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना मय प्रपत्र व शर्ते विभागीय वेबसाईट devasthan.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है ।
UBN: DEV 24 25 SSOB 00262

( रतन लाल योगी)
सहायक आयुक्त (प्रथम),
देवस्थान विभाग, जयपुर
DIPR/C/4379/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:- 2505-2516 Date: 22.03.2025

**Notice Inviting Bid No 26/2024-25**

Bids for 1 (One Nos) work are invited from interested bidders upto 12.00 PM dated 29.03.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal-http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 7.00 Lacs
NIB No.- PWD2425A4799
UBN No:- PWD2425WSOB17301

Executive Engineer
PWD Dn. Sujangarh
DIPR/C/4335/2025

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 31 मार्च तक करें आवेदन

### युवाओं को 12 माह की इंटर्नशिप के माध्यम से स्किल्ड बनाने का लक्ष्य, प्रतिमाह 5 हजार की सहायता राशि भी मिलेगी

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)**। भारत सरकार द्वारा युवाओं को व्यावसायिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए भारत की टॉप रेटेड 500 कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर दिया जा रहा है। इसके साथ ही इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को सरकार व कंपनियां स्टाइपेंड भी देंगी। योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र युवा 31 मार्च 2025 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं है। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि इंटर्नशिप के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पात्र युवाओं को योजना के अंतर्गत भारत की टॉप 500 कंपनियों में 12 महिने की इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। केंद्र सरकार ने अगले 5 वर्ष में लो इनकम हाउस होल्ड्स के 21 से 24 वर्ष के 1 करोड़ युवाओं इंटर्नशिप के जरिए स्किल्ड बनाने का लक्ष्य रखा है । पर दी गई जानकारी के अनुसार इंटर्न को भारत सरकार द्वारा 4500 रूपये और इंडस्ट्री द्वारा 500 रुपये का भुगतान मंथली असिस्टेंस के रूप में किया जाएगा। इसके अलावा अभ्यर्थियों को 6 हजार रुपये एकमुश्त इंसीडेंटल्स के लिए भी प्रदान किया जाएगा। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान में कुल 4,839 अवसर उपलब्ध हैं। अभी तक आईटीआई, स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा विभागों के सहयोग से 25,800 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि अंतिम तिथि मात्र चार दिन दूर है, अतः सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक युवाओं को इस योजना के बारे में जागरूक करें और इच्छुक उम्मीदवार अधिकतम संख्या में आवेदन करने के लिए प्रेरित करें।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा में भौतिक सुविधाओं के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए का चैक सौंपा

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)**। जिला कलक्टर शुभम चौधरी द्वारा जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा में विद्यार्थियों हेतु आवश्यक भौतिक सुविधाओं के विकास के लिए प्रधानाचार्य अनीता मीणा ने जन सहयोग एवं भामाशाहों से प्राप्त 1 लाख 50 हजार रुपए की राशि का चौक अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा को मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजनान्तर्गत जमा करवाने हेत सुपुर्द किया।
कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीना ने बताया कि विद्यालय से प्राप्त 1 लाख 50 हजार की राशि में राज्य सरकार से अंशदान के रूप में प्राप्त 60 प्रतिशत राशि 2 लाख 25 हजार रुपए सहित प्राप्त कुल राशि 3 लाख 75 हजार रुपए से विद्यालय में प्रवेश द्वार निर्माण, विद्यालय सौंदर्यकरण तथा विभिन्न मरम्मत कार्य करवाया जाएगा। जिले के सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के विकास हेतु शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान से प्राप्त राशि के माध्यम से प्राप्त राशि एवं मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना से प्राप्त अंशदान से जिले के विद्यालयों में भौतिक विकास कार्य करवाए जा रहे है जिससे राजकीय विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है। साथ ही विद्यार्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही है। इस दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी समग्र शिक्षा भगवान माली इत्यादि उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सुजानगढ़**

क्रमांक- 2505-2516 दिनांक- 22.03.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या- 26/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू. ए 100 की शर्त लागू होगी । निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in http://www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD2425A4799
UBN No :- PWD2425WSOB17301

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड सुजानगढ़
DIPR/C/4325/2025

## आमजन एवं निवेशकों की सुविधा हेतु चयनित उप पंजीयक कार्यालय सोमवार एवं शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से सांय 8 बजे तक खुले रहेंगे

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर/जयपुर** आमजन को राहत प्रदान करने और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने आदेश जारी कर उप पंजीयक कार्यालयों के कार्यालय समय में आगामी 1 अप्रैल 2025 से वृद्धि की है। वित्त (कर) विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. खुशाल यादव ने बताया कि चयनित उप पंजीयक कार्यालय सप्ताह में दो दिन, प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि यदि सोमवार को कोई राजकीय अवकाश होता है, तो उक्त उप पंजीयक कार्यालय अगले कार्य दिवस को प्रातः 8 बजे से सायं 8 बजे तक खुले रहेंगे। डॉ. यादव ने बताया कि उप पंजीयक कार्यालयों के कार्य समय में इस वृद्धि के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु पृथक से आदेश जारी किए जाएंगे।

## जोयलाः चतुर्थ बायोसा माताजी का वार्षिक मेला 30 मार्च को, तैयारियां जोरों शोरों पर

### भक्तराज दरगाराम कुम्हार के सानिध्य में दुल्हन की तरह बायोसा का मंदिर सजाया

### भजन संध्या के साथ अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निसं.)**। शिवगंज तहसील के नया जोयला में बायोसा माताजी मंदिर का चतुर्थ वार्षिक मेला हर वर्ष की भांति इस बार भी भक्तराज दरगाराम कुम्हार (भोपाजी) के सानिध्य में एवं माताजी सेवा संस्थान के तत्वाधान में भामाशाहों के सहयोग से 30 मार्च को मंदिर परिसर में आयोजित होगा। माताजी के भक्तराज दरगाराम कुम्हार ने बताया कि चतुर्थ वार्षिक मेले का दो दिवसीय आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं भक्तगणों के सहयोग से होगा जिसमें अनेकों धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह मेला 30 मार्च रविवार से प्रारंभ होगा व 31 मार्च को समापन होगा। माताजी सेवा समिति की ओर से मेले की तैयारियों जोरों पर चल रही है और सभी कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। मेले के को लेकर रविवार रात को भजन संध्या का आयोजन होगा, वही सोमवार सुबह कलशयात्रा और महाप्रसादी होगी।साथ ही दिन में भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भक्तराज ने कहा कि मेले की समस्त तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और सफल आयोजन आयोजित किए जाने को लेकर सभी भक्तगण तैयारियों में जुट गए हैं। साथ ही अलग-अलग कमेटीया बनाकर जिम्मेदारी दी गई है। इस दो दिवसीय वार्षिक मेले में 30 मार्च रात्रि को मशहूर गायक कलाकार जीवाराम,पदमाराम, कानाराम होंगे तथा 31 मार्च को दिन में सुरेश कुमार वैष्णव व रात्रि में रामेश्वर माली एंड पार्टी की ओर से भव्य भजन संध्या कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुति देंगे,साथ ही झांकी की प्रस्तुति रिया पार्टी दिल्ली द्वारा दी जायेगी। राजस्थान के सभी जाने-माने कलाकार भाग लेंगे। गोगांवा बायोसा भोपाजी दरगाराम कुम्हार ने बताया कि इस वार्षिक मेले के अवसर पर संत महात्माओं एवं भक्तगणों के साथ राजनेता शिरकत करेंगे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**
Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 389-3913 Date: 20-3-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 52/2024-25 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at City Churu UWSS under PHED City Sub Div. Churu are invited form interested bidders upto 02-04-2025 (18:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// Eproc. rajasthan. gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 52/2024-25 Rs. 16.00 Lacs.
UBN No. PHE 2425 WSRC 11940

Executive Engineer,
PHED Division Churu
DIPR/C/4261/2025

## क्षेत्र में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया रंग तेरस का त्यौहार

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)**। क्षेत्र में रंग तेरस का त्यौहार हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।



कस्बे में मोहल्लेवार पानी के ड्रम और टैंकर खड़े कर उनमें रंग घोला गया और ढोल की थाप व डीजे पर बजने वाले होली गीतों की धुन पर महिला-पुरुषों,बच्चों और युवाओं ने नाचते-गाते हुए एक दूसरे पर रंग डाल कर पिचकारी और डोलची से जम कर होली खेली।10 बजने के साथ ही बच्चों और युवाओं की टोलियां कस्बे में होली खेलने के लिए निकल पड़ी।वहीं ग्रुप बना कर अपने जाति-समाज के घरों में भी लोग होली खेलने पहुंचे।रंग तेरस पर होली खेलने का खास तरीका डोलची में रंग भर कर पीठ पर मारने का होता हैं।बारी-बारी से पुरुष और महिलाएं एक दूसरे की पीठ पर डोलची में रंग भर कर मारते हैं।ये मार इतनी तेज होती हैं कि अच्छे-अच्छे सिहर उठते हैं।

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT MOTH-OOKA P.S. PATAN (SIKAR)**

DATE : 26-03-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 26-03-2025, 09:30 AM to 01-04-2025, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS 5.00 Lac

UBN No. PKP2425WSOB00298-303

Sarpanch
GP MOTHOOKA

VDO
GP MOTHOOKA

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.:-EE/NIT/2024-25/ Date :-

**Notice Inviting Bid**

Bid for Regular operation and maintenance of Pump House and various size of valves of distribution /raising mains at RWSS NH11 Loha under Rural sub division Ratangarh, Annual rate contract for cleaning of various reservoirs, ARC for Various Fabrication Job work under City Sub Division Ratangarh are invited from interested bidders up to 03.04.2025, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:

UBN NIT No.: 61 PHE 2425WSOB11893
UBN NIT No.: 62 PHE 2425WSRB11894
UBN NIT No.: 63 PHE 2425WSOB11896
UBN NIT No.: 64 PHE 2425WSRB11897

(Mahendra Kantiwal)
Executive Engineer
PHED Division Ratangarh
DIPR/C/4250/2025

**name changed**

I ARISUDIN sharaf son of Shri Devkinandan sharaf age 44 years residence of jalan Marg ward number 34 sardarshahar Churu Rajasthan. declared that my son's correct name is shivanshu sharaf and that is recorded in his all document such as Aadhar Card and all the educational certificate.but due to mistake his name his passport number X8111791 his name recorded SHIVANSU. Now I declared that in future my sons WILL be call as shivanshu sharaf.

## एसएफआई ने कुलगुरु के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** छात्र संगठन एसएफआई ने विद्यार्थी की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरू के नाम सरकारी कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन दिया। संगठन के मीडिया प्रभारी राहुल नायक ने बताया की स्नातक भाग सेमेस्टर प्रणाली के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर 2024 की मूल अंक तालिका महाविद्यालय को जारी नहीं करने के कारण विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड, काली बाई योजना व देवनारायण स्कूटी योजना सहित अन्य छात्रवृतियों में मूल अंक तालिका प्राप्त ना होने से वंचित हो रहे है, विश्वविद्यालय परीक्षा शाखा के कर्मचारियों की भारी लापरवाही के चलते विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप से वंचित रहना पड़ रहा है। इसके लिए छात्र संगठन एसएफआई ने गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय में मुख्य परीक्षा 2024 सेमेस्टर प्रणाली मूल अंक तालिका महाविद्यालय भिजवाने, टीआर जारी करने सहित अन्य समस्यों को लेकर कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला संयुक्त सचिव गोपाल बागड़ी, तहसील अध्यक्ष नरेश दानोदिया, उपाध्यक्ष अंकित चेजारा, अमित स्वामी बगड़ी, रामदयाल चौधरी, संदीप मण्डिवाल सहित एसएफआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** यूनिक सखियां समूह के तत्वावधान में शहर के मुकुन्दगढ़ रोड़ स्थित सप्तर्षि भवन में गणगौर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक व यूनिक सखियां ग्रुप की अध्यक्ष नीतू ढंढ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर नीतू ढंढ ने जानकारी देते हुए बताया कि यूनिक सखियां समूह की ओर से उक्त कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर महिलाओं के लिए कलर थीम व फूलों का शानदार डेकोरेशन किया गया है।मधु मिश्रा, दीपशिखा अय्यर ने ईसर गणगौर के मंगल गीत व गानों की शानदार प्रस्तुतियां दी। शैलजा जालान के अगुवाई में महिलाओं ने लोक नृत्य प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम में क्विज़, नृत्य, गायन, डेकोरेशन सहित लकी ड्रा की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमे महिलाओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। विजेता महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार करते हुए विस्तृत विचार विमर्श किया। कार्यक्रम में नीतू ढढ की ओर से सभी सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रतिभा शर्मा, श्वेता जोशी, सुमन पासोरिया, सुनिता पारीक, सुमन पुरोहित, गुड्डी पारिक, दीपशिखा अय्यर, जनुका एबेनेजर ,पूजा सैनी, रिंकु काबरा,कंचन जोशी, सरस्वती जालान, मधु मिश्रा, शारदा शर्मा, सुनिता वर्मा, सविता पासोरिया, प्रतिभा, कुमकुम शर्मा,अल्का शर्मा व अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## टांक बनी सैनी समाज संस्था महिला प्रकोष्ठ की सांस्कृतिक मंत्री

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** सैनी समाज संस्था महिला विंग की अध्यक्ष पूजा बबेरवाल ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष रामगोपाल चुनावाल व युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शिवप्रकाश राकसिया की सहमति से ममता टांक को सैनी समाज संस्था महिला विंग सांस्कृतिक मंत्री नियुक्त किया। सावित्रीबाई फुले छात्रावास व कोचिंग सेंटर के भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल पापटवान सहित समाज के लोगो ने बधाई दी।संस्था के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी सत्यनारायण सैनी ने बताया महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री पूजा सांखला समाज संस्था की ओर से बनाए जा रहे सावित्रीबाई फुले छात्रावास व कोचिंग सेंटर की सह अधीक्षक भी रहेगी।



## गणगौर महोत्सव की धूमः महिला मंडलियों ने किया बनोरे का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अंचल के विभिन्न मोहल्लों में महिला मंडलियों की ओर से गणगौर के बनौरे का आयोजन किया जा रहा है। वहीं, महिला मंडली की ओर से गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गणगौर के बनौळे में महिलाएं अपने-अपने घर की गणगौर ईशर की प्रतिमा को सज्जा-धज्जा कर लेकर आती हैं। महिलाओं में अपनी गणगौर ईशर की प्रतिमा को सबसे अलग और आकर्षक सजाने-संवारने की होड़ लगी रहती है। सभी महिलाएं अपनी प्रतिमाओं को एक साथ एक स्थान पर रखती हैं। इन प्रतिमाओं के सामने बैठकर महिलाएं गणगौर के गीतों का गायन करती हैं और प्रतिमाओं को विविध प्रकार के व्यंजन का भोग लगाती हैं। इसी प्रकार का आयोजन ग्रामीण अंचल में महिलाओं की ओर से गांव की गुवाड़ में भी किया गया। यहां महिला मंडली के साथ मिलकर गणगौर का बनौळा दिया गया।



# अमर सुहाग की कामना को लेकर गणगौर पूजन में जुटी नवविवाहिताएं

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के वार्ड 16 में गीत-संगीत के माहौल में 18 दिवसीय ईसर-गणगौर पूजन का विशेष उत्साह देखने को मिल रहा हैं। आमतौर पर इस त्यौहार को 16 दिन का माना जाता है। लेकिन इस बार यह त्यौहार 18 दिन का मनाया जा रहा है। शादी के जोड़े एवं परम्परागत परिधानों में 16 श्रृंगार किए हुए गणगौर पूजने वाली नवविवाहिताएं, युवतियां और महिलाएं गणगौर महोत्सव को बड़ी धूमधाम के साथ मना रही है। शहर के वार्ड 16 में हिमानी चौधरी और प्रीति जांगिड़ विवाह के बाद अपने पीहर में गणगौर का पूजन कर रही है। इस अवसर पर गणगौर पूजन कर रही नवविवाहिता प्रीति जांगिड़ ने बताया कि शीतलाष्टमी से ही नवविवाहिताओं ने मिट्टी की गणगौर बनाकर पूजन प्रारंम्भ कर दिया है। प्रतिदिन पूजन के बाद 31 मार्च की शाम इन्हें जल में विसर्जित कर दिया जाएगा। गणगौर को पार्वती और ईसर को शिवजी का प्रतीक मानकर यह पूजन किया जाता है। अब घर घर जाकर गणगौर की बिंदोरी निकाली जा रही है और घरों में लोकगीत गाए जा रहे हैं। वहीं रात्रि के समय गणगौर पूजने वाली नव विवाहिताएं, युवतियां और महिलाएं मिलकर नृत्य कार्यक्रम आयोजित कर गणगौर महोत्सव का आनंद ले रही है। नवविवाहिता हिमानी चौधरी का कहना है कि ईसर गणगौर की पूजा शादी के बाद से की जाती है। मेरी पहली गणगौर है और होली दहन के बाद से ही 18 दिवसीय ईसर-गणगौर की पूजा अर्चना कर रही हूं। शादीशुदा महिला के लिए यह सौभाग्य है। गणगौर पूजन करने वाली पूनम राजपूत ने बताया कि प्राचीन काल से ही ईसर-गणगौर पूजा में श्रृंगार का विशेष स्थान माना गया है। इसलिए ईसर-गणगौर की पूजा करने से पूर्व महिलाएं सोलह श्रृंगार करती है। ईसर गणगौर पूजा महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य की कामना का पर्व है। 18 दिवस तक महिलाएं ईसर व गणगौर को शिव-पार्वती मानकर परम्परागत तरीके से पूजा अर्चना करती है। इस अवसर पर चुंदड़ी रो सर्व सुहाग, आज सवेरे उठास्या म्हे तो, बाड़ी वाला बाड़ी खोल बाड़ी की किवाड़ी खोल छोरियां आई दूब लेण, हां जी म्हारी गौरा बाईने चुंदड़ी रो चाव, ऊंचो चंवरो चौकूंटो जल जमुना रो नीर मंगायो जी, म्हारी गौर तीसाई ओ राज, धूपियो देर धूपाइयो, उदियापुर स्यूं आई गणगौर आदि गीत गाए जाते हैं। इस अवसर पर आरती राजपूत, हिमानी चौधरी, प्रीति जांगिड़, विनीता शर्मा, स्नेहा जांगिड़, मीनू राजपूत, सोनू शर्मा, संतोष राजपूत, खुशबू प्रजापत, पूनम राजपूत, ममता प्रजापत, वंशिका चौधरी, नंदनी चौधरी, स्नेहा जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में युवतियां और महिलाएं उपस्थित रही।



# पुलिस एक्ट में जप्तशुदा वाहनों की होगी नीलामी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं पुलिस की ओर से धारा 38 पुलिस एक्ट में जप्तशुदा वाहनो को नीलाम करने की प्रक्रिया की जाएगी। उप महा निरीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस थाना कोतवाली में 25 दुपहिया वाहन व 2 कार, पुलिस थाना सदर में 29 दुपहिया वाहन व 1 कार, पुलिस थाना बुहाना में 23 दुपहिया वाहन व 1 ट्रेक्टर, पुलिस थाना चिड़ावा में 2 दुपहिया वाहन, पुलिस थाना नवलगढ में 1 दुपहिया वाहन व 1 चौपहिया वाहन जप्त है जिनके वारिसान की तलाश करवाए जाने के बावजूद भी अभी तक कोई भी वाहनो के वारिसान ने कोई दावा पेश नही किया गया है ना ही उक्त वाहनों का कोई पता चला है। अब इन वाहनों की 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पुलिस थानों के परिसर में नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल को पुलिस थाना सदर में, 2 को पुलिस थाना चिडावा, 3 को थाना नवलगढ, 4 को थाना बुहाना, 7 को थाना कोतवाली में नीलामी होगी। B इन वाहनो / सम्पति को संदिग्ध (लावारिस ) मानते हुए राजस्थान पुलिस नियम 2008 के नियम 8 के तहत नियमानुसार नीलाम किया जाकर निलामी राशि राजकोष में जमा करा दी जाएगी। वाहनो / सम्पति की सूची वाहन समन्वय साफटवेयर व जीपनेट पर उपलब्ध है और संबंधित थाने पर नीलामी दिनांक से पूर्व थाना पर नीलामी योग्य वाहनो को किसी भी दिन बोलीदाता उपस्थित होकर देख सकते है और नीलामी तिथि को बोली दाता समय 10.30 एएम पर सम्बन्धित थाना पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। वाहनो की नीलामी के बाद कोई सुनवाई नही की जाएगी।



## फांसी लगाकर इहलीला की समाप्त

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पायली में 45 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुचना पर पुलिस मोकै पर पहुची। शव को राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय लाया गया जिससे पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार सुबह नो बजे सूचना मिली कि ग्राम पायली में एक 45 वर्षिय व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची तो जानकारी मिली की सुजान सिंह पुत्र सादुल सिंह निवासी पायली ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसका शव राजलदेसर राजकीय चिकित्सालय लाया शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। प्रथम दृष्टिय मृतक मानसिक रोगी है पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

## झाझड़िया खाप की पंचायत आयोजित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर (निस)।** अखिल भारतीय सर्वजाति के प्रधान रायसिंह झाझड़िया की अध्यक्षता में तारानगर के झाझड़िया टायर रिसोल पर गुरुवार को सर्वजाति झाझड़िया खाप की पंचायत हुई। पंचायत में प्रधान झाझड़िया ने कहा समाज में फैली कुरुतियों के खिलाफ 5 अप्रेल को 2025 को पंजाब के मौजगढ़ गाँव अबोहर में महापंचायत होने जा रही है जिसमें सभी झाझड़िया समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा पहुंचे और आपसी भाई चारा बनाएं रखे। प्रधान झाझड़िया ने बताया कि लड़का लड़की को एक समान समझे, ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बनाएं। अपने आसपास के क्षेरर में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें। गरीब परिवार की लड़की में सहयोग करें। इस मौके पर रामस्वरूप झाझड़िया, सतवीर नानवास, प्रीतसिँह, मनोहर, संजय सिहाग, सुरेन्द्र, जिकुसिंह, रामकुमार, रामजीलाल, हवासिँह, नोपाराम, शिव कुमार, नरेन्द्र, श्रीचंद, प्रहलाद सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

झुंझुनूं में उपभोक्ता आयोग की अनूठी पहल

# गांव की चौपाल पर पांच मामलों का निपटारा, उपभोक्ताओं को मिली राहत

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में उपभोक्ता आयोग की ओर से अलग-अलग मामलों का निस्तारण किया गया। झुंझुनूं उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने एक पहल करते हुए गांव की चौपाल पर पीड़ित उपभोक्ताओं की सुनवाई की। झुंझुनूं जिले के कुलहरियों का बास में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने अपने प्रकरणों का लोक अदालत की भावना से निस्तारण करवाया और राहत प्राप्त की। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने लंबित मामलों में दोनों पक्षों की समझाइश करके मौके पर ही 5 मामलों का निपटारा किया। उन्होंने ढढारिया निवासी राजेश को 86,850 रुपए का चेक भी सौंपा। डिस्कॉम के मुख्य अभियंता लक्ष्मण सिंह बुरडक ने उपभोक्ता आयोग की "न्याय टेबल" पहल को क्रांतिकारी बताया, जिससे पीड़ितों को त्वरित न्याय और राहत मिली है। उन्होंने अध्यक्ष मनोज कुमार मील से झुंझुनूं के साथ-साथ सीकर में भी रात्रि चौपाल आयोजित करने का आग्रह किया। कुलहरियों का बास में आयोजित रात्रि चौपाल में उपभोक्ता आयोग की न्याय टेबल पर 28 लाख 62 हजार 311 रुपए के मामलों का निपटारा हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं को 17 लाख 36 हजार 300 रुपए की बड़ी राहत मिली। कार्यक्रम के संयोजक रामस्वरूप लाम्बा ने बताया कि गांव की चौपाल पर उपभोक्ता आयोग की सुनवाई में पहली बार हुई है। इससे ग्रामीणों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत मिले अधिकारों की जानकारी मिली है, जिससे उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। डिस्कॉम के अधिकारियों और जिला आयोग के सदस्यों ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने भाग लिया।




# भारतीय महापुरूषों के अपमान का विरोध, हिन्दू संगठनों ने दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय में गुरुवार को हिंदू संगठनों की ओर से भारतीय महापुरुषों के विरुद्ध अपमान व असहनीय बयान देने वालों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीम को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, कान्हा जीव रक्षक दल व गौरक्षा दल सहित हिन्दू संगठनों ने एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि गत शनिवार को राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से हमारे महापुरुष वीर योद्धा राणा सांगा का अपमान करते हुए उनको गद्दार बताया। उसने राज्यसभा में विवादित व भड़काऊ बयान दिया जो इतिहास के तथ्यों से परे हैं। इससे संपूर्ण हिंदू समाज की भावना आहत हुई है। महापुरुषों का अपमान असहनीय है। राष्ट्रीय हिन्दू संगठन इस प्रकार के बयान देने वालों की घोर निंदा करता है। आजादी का दुरुपयोग समाज में वैमनष्यता, आपसी विरोध फैलाने का कार्य करने वालों को उचित दंड दिया जाना चाहिए। हिंदू संगठनों की ओर से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग करती है कि आजादी के नाम पर इतिहास के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाए। भारतीय समाज की भावना का समुचित सम्मान करना चाहिए। यह देश के सौहार्द व प्रेम भाव के लिए अति आवश्यक है। इसके साथ ही श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान का विरोध करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि अगर सांसद के खिलाफ शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो पूरे भारत में हिंदू संगठनों की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में शिवदयाल पारीक, भरत सिंह, हरीश जांगिड़, राहुल सोनी, विशाल चायल, अभिषेक भोजक, अरविंद कुमार, गौरव भोजक, उमेद सिंह, निर्मल कुमार, अजय सैनी, भरत सिंह पंवार साडासर सहित बड़ी संख्या में हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## महिलाओं को दी सीवरेज योजना की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 36 स्थित भार्गव मोहल्ले में महिलाओं की बैठक का आयोजन गुरुवार को हुआ। आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता आरडी गर्ग के निर्देशन में हुई बैठक में जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ व काजल सांखला ने महिलाओं को सीवरेज योजना की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आरयूआईडपी की ओर से निशुल्क घरेलू सीवरेज कनेक्शन करने का कार्य चल रहा है, जिसमें स्नानघर, रसोई, शौचालयों को जोड़ा जा रहा है। सीवरेज घरेलू कनेक्शन के लाभ व रखरखाव की जानकारी देते हुए कहा कि उक्त कार्य गुणवत्ता के साथ स्वयं की निगरानी में संपन्न करवाए। कार्य होने के पश्चात नालियां सुखी व साफ रहेगी, जिससे गंदगी नहीं होगी और बीमारियों में कमी आएगी। बैठक में छोटू सैनी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। बैठक का संचालन कविता स्वामी ने किया।

## प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत आज आएंगे झुंझुनू



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग और जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत शुक्रवार को झुंझुनू आएंगे। प्रभारी मंत्री यहां सूचना केन्द्र सभागार में आयोजित राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन समारोह में भाग लेंगे। प्रभारी मंत्री 9 बजे जयपुर से रवाना होकर 11 बजे झुंझुनू पहुंचेंगे और शाम 4 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

## बेजुबानों के लिए लगाए परिंडे



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** विधायक कुमारी रीटा चौधरी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष समसाद खान सिरियासर कलां ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुरुवार को बेजुबान पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था के लिए परिंडा लगाने की शुरुआत की।तेज धूप व गर्मी के मध्य नजर खान ने बेजुबान पक्षियों के लिए सैकडों परिंडे लगाने की बात कही। साथियों से आग्रह किया कि सब मिलकर ज्यादा से ज्यादा परिंडे लगाए व उनमें रोजाना पानी डालें। इस दौरान उपस्थित साथियों ने इस मुहिम को मजबूती के साथ अमली जामा पहनाने का विश्वास जताया। इस दौरान संदीप मेघवाल, ओमप्रकाश, कृष्ण कुमार जाट, आर्यन आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों को जागरूक करने के लिए दिया प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा आयुक्त और मुख्यचिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल बाजिया ने कस्बे युनियन क्लब अतिथि भवन में फोस्टटेग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर सुबह 11 बजे से शुरू हुआ जिसमें व्यापार मण्डल के सदस्य मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार खाद्य सुरक्षा के प्रति दुकानदारों को जागरूक करने के लिए यह शिविर आयोजन किया गया है जिसमें सरकार की ओर से भेजे गए प्रतिनिधि की ओर से खाद्य पदार्थ बनाने और बेचने वालों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया और रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण और नया आवेदन लिए गए।फास्टेक ट्रेनर सुधीर विश्वकर्मा ने खाद्य व्यापारियो से खाद्य सामग्री निर्माण, रखरखाव, सेनिटेशन,हाइजिनिग व शुद्ध खाद्य पदार्थ विक्रय करने सम्बन्धित नियमों को विस्तार तथा सरल भाषा में समझाया ताकि आमजन के स्वास्थ्य के साथ कोई खिलवाड़ न हो। शिविर मे राजलदेसर व्यापार मण्डल अध्यक्ष विष्णु स्वामी, सुभाष संचेती,भवानी कच्छावा, सुरेश फोगला,राजू, बलदेव, लाला नाई, सहित खाद्य सामग्री विक्रेता मौजूद रहे।

## सरपंच राठी का दिल्ली में गार्गी ग्रुप ने किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में राजस्थान से एकमात्र सरपंच सविता राठी को राष्ट्रीय पंचायत नेत्री पुरस्कार प्राप्त करने पर गार्गी ग्रुप की ओर से शॉल व माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष मंजू मूंधड़ा ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश के सबसे बड़े मंच पर सविता राठी को सम्मानित किया गया है। प्रमिला राठी व रित्तम मूंधड़ा ने स्वरचित कविता का पठन किया। कार्यक्रम में सरपंच सविता राठी ने कहा कि अपने सहृदय व्यक्तित्वों की ओर से प्राप्त सम्मान ही वो जीवन का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यक्ति व्यक्ति जीवनपर्यंत शून्य से शिखर तक पहुंचना चाहता है। कार्यक्रम में सुनीता रावतानी, कांता राठी, कांता सोमानी, बबीता मालपानी, मधु सोमानी, सुनीता तापड़िया, पुनीता, शशि लड़ा, सरिता जाजू, सुधा मालानी, चित्रा जगवानी, सुमन बजाज, नीतू सोनी आदि मौजूद रहे। निजी होटल में हुए कार्यक्रम में पूर्व सभापति सिकंदर अली खिलजी, पार्षद इकबाल खान, मास्टर दाऊद काजी, अमजद खान, दिनेश पीपलवा आदि आदि लोग मौजूद रहे।

## सात आरोपी गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने 60 पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि शराब पीकर आम जनता में बाधा उत्पन्न करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पुलिस की असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## खेल सामग्री के लिए बजट जारी करने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शारीरिक शिक्षक संघ की तहसील शाखा के अध्यक्ष भंवरलाल पांडर के नेतृत्व में शारीरिक शिक्षकों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि विद्यायलों में खेल बजट न दिया जाकर खेल सामग्री के किट दिए गए हैं, जिसकी गुणवता को लेकर भी पूरे राज्य में छात्र -छात्राओं की ओर से इसका विरोध किया जा रहा है। अतः खेल सामग्री के किट वापस लिए जाकर खेल बजट की राशि जारी की जाए, ताकि विद्यालयों में आवश्यकतानुसार सामग्री खरीद की जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान धनराज भाटी, दिलीप, सुधेंद्र जोशी, भागीरथ, कमल जाखड़, गुरूदेव गोदारा, उदाराम, शिवपाल सहित नेक शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे।

## सारोठिया में मंडल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव सारोठिया में सारोठिया मंडल कांग्रेस की बैठक का आयोजन प्रभारी दिनेश कस्वा के सानिध्य में किया गया। बैठक में उपस्थित देहात कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी दिनेश कस्वा ने कहा कि आम लोगों को कांग्रेस की रीति नीति और सद्भाव भरी कार्यप्रणाली से जोड़ने का काम कार्यकर्ता ही कर सकता है। अतः कार्यकर्ता अभी से ही पंचायती राज और निकाय चुनाव के लिए कमर कस लें। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि जिस प्रकार से आज देश में कुछ लोग नफरत भरी राजनीति कर रहे हैं, उससे जनता अब परेशान हो चुकी है। अतः हमें एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करते हुए जनहितें के लिए संघर्ष करना है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामकरण जाखड़, कांग्रेस नेता विद्याधर बेनीवाल, देहात अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल, रामजीलाल शर्मा, मनसुख गोदारा, अमरचंद सिहाग, पुरखाराम मेघवाल, बनवारी मेघवाल, भवानीसिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# यशोदाओं ने कलेक्टर से लगाई गुहार, मानदेय बढ़ाने की मांग

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार और वर्तमान भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण के नाम पर महिलाओं से छलावा कर रही है। संविदा पद पर कार्यरत यशोदाओ ने आखिरकार चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के माध्यम से राजस्थान सरकार को मानदेय बढ़ाने की मांग की। सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच के माध्यम से मातृ शक्ति के शोषण को खत्म कर आर्थिक संबल प्रदान करने बाबत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मानदेय में वृद्धि करने की मांग की। मंच के जिलाध्यक्ष सलीम खान और यशोदा पुष्पा वर्मा ने बताया कि यशोदा जननी सुरक्षा योजना के तहत कार्यरत महिलाओं को 9 माह तक महिलाओं को प्रसव की जानकारी और उसके बाद बेस्ट फीडिंग की जानकारी प्रदान करती है। यशोदाओं की अस्पताल में 24 घंटे ड्यूटी लगती है जिसमें दिन और रात शामिल है जबकि इनका मानदेय केवल 6000 रूपए प्रतिमाह है जो बहुत कम है। पिछले 12 वर्षों से यशोदा के मानदेय में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की गई है। जिसके कारण इस आर्थिक युग में इन महिलाओं को अपने भरण पोषण और परिवार का पालन करने में बहुत कठिनाई आ रही है। एकता मंच के माध्यम से इनका प्रतिमाह 6000 से बढ़ाकर 15000 किया जाए और इन्हें संविदा रूल 2022 में शामिल किया जाए। इस अवसर पर सुनीता सोनी, सुमित्रा, विजय शर्मा, रेनू शर्मा, सरोज, सुनीता चौधरी, संतोष शर्मा, पुष्पा दर्जी, बेबी दर्जी, सुनीता सारस्वत ,सुमन सरोज रामपुरा, इंदिरा सैनी, जबकि एकता मंच के उपाध्यक्ष कपिल चंदेल, विनोद राठी, सत्यनारायण व्यास, प्रमोद शर्मा, मुकेश निर्वाण, सुशील शर्मा, भानु प्रकाश सेवदा, राकेश वर्मा, डॉक्टर संगीता वर्मा उपस्थित रहे।

## स्मार्ट बोर्ड और कंप्यूटर शिक्षक के मार्गदर्शन में नुवां के बच्चे सीख रहें हैं आधुनिक प्रोग्रामिंग

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती गांव नुवा के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, नुवां में कक्षा 6 के छात्रों को कंप्यूटर शिक्षक दिनेश शर्मा की ओर से पायथन, ॥ड्डरू और स्क्रैच प्रोग्रामिंग सिखाई जा रही है। बच्चे बड़े उत्साह के साथ इन नई तकनीकों को सीख रहे हैं। इस पूरे शिक्षण कार्य में भामाशाह प्रदीप सराफ और भामाशाह प्रेरक राजीव उपाध्याय की ओर से दिए गए स्मार्ट बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिससे बच्चों को सीखने में काफी सहायता मिली। विद्यालय में बच्चों को कंप्यूटर की आधुनिक भाषाएँ और विजुअल प्रोग्रामिंग रोचक तरीके से सिखाई जा रही हैं। शिक्षक ने इसे क्विज़ और गेम्स के माध्यम से सरल और मज़ेदार बना दिया है, जिससे छात्र गहरी रुचि दिखा रहे हैं। विशेष रूप से स्क्रैच प्रोग्रामिंग के माध्यम से बच्चे ऐनिमेशन और इंटरैक्टिव गेम्स बनाना सीख रहे हैं, जिससे उनके तार्किक और रचनात्मक कौशल का विकास हो रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को पायथन, HTML और स्क्रैच जैसी भाषाएँ सीखने से वे तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे और डिजिटल युग के लिए तैयार होंगे। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस तरह की आधुनिक शिक्षा से बच्चों को प्रोग्रामिंग और कोडिंग के प्रति रुचि विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे वे भविष्य में तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।

## गणगौर मेला व तारा छाई रात कार्यक्रम 31 को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** गणगौर चौक मेला कमेटी के तत्वावधान में 31 मार्च 2025 सोमवार को गणगौर मेले व तारा छाई रात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां परवान पर चल रही है। इस दौरान कुआं मरम्मत व रंग रोगन व साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर उनकों व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। गणगौर चौक विकास समिति के संयोजक विजय सारस्वत ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम तारा छाई रात लगातार 42 वर्षों से किया जा रहा है। जिसमें लोक कलाकारों की ओर से अपनी कला का प्रदर्शन व राजलदेसर के कलाकारों की ओर से ढ़फ, बांसुरी, ढ़ोलक, राजस्थानी गानों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। सारस्वत ने बताया कि घूमर नृत्य सहित अनेक आयोजन रात्रि 8 बजे से शुरू हो जाएंगे। गणगौर चौक सब्जी मंडी में मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## गणगौर पूजन व बंदौरा निकाले

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जनपद में विवाहिता व किशोरियों की ओर से गणगौर का पर्व आस्था व भक्ति भाव से मनाया जा रहा है। क्षेत्र में गणगौर गीतों का गायन प्रातः गणगौर पूजन से शुरू होता है जो दोपहर पानी पिलाने, सायं बनोरा व रात्रि में लोकगीतों के साथ चलता रहता है। उपस्थित महिलाओं व नवयोवनाओ ने लोकगीत गाकर गौर माता की पूजा अर्चना करके सुख समृद्धि की कामना की। ललीता देवी ने बताया कि गणगौर पर्व महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है

# टैंकरों से केमिकल चुराने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ट्रांसपोर्ट टैंकरों से केमिकल चुराने वाले गिरोह पर कार्यवाही करते हुए सदर थाना पुलिस ने तीन जनों को गिरफ्तार किया है। सीआई पुष्पेन्द्र झाझड़िया ने बताया कि एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के निर्देश व मुखबीर की सूचना पर गत रात्रि को गांव धां में स्थित फौजी होटल पर दबिश दी गई। जहां से केमिकल से भरा एक टैंकर व 17 ड्रम व दो जरीकन जप्त करने के साथ ही तीन जनों को गिरफ्तार किया गया है। सीआई पुष्पेन्द्र ने बताया कि होटल में रखे 17 ड्रमों को दो पिक अप में रखवा कर सदर थाने लाया गया। सीआई पुष्पेन्द्र ने बताया कि फौजी होटल को नरेन्द्र पुत्र बनवारी लाल धायल ने किराये पर ले रखा है। कार्यवाही के समय नरेन्द्र होटल पर नहीं था। जबकि होटल पर काम करने वाले बाबूलाल पुत्र थानाराम जाट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बेरी, पुलिस थाना दादिया जिला सीकर, सुरेश कुमार पुत्र दुर्गाराम जाट उम्र 22 वर्ष निवासी बलदेव नगर, पुलिस थाना रिको बाड़मेर जिला बाड़मेर और टैंकर चालक इस्माइल पुत्र सरादीन सिंधी मुसलमान उम्र 38 वर्ष निवासी कोरी देवजा, पुलिस थाना बागोड़ा, जिला जालोर को गिरफ्तार किया गया है। सीआई ने बताया कि बिल्टी के अनुसार टैंकर में 32.980 टन तथा 17 ड्रम व दो जरीकन में 3735 किग्रा केमिकल है। इस्माईल टैंकर को गुजरात के कांडला बंदरगाह से लेकर फरीदाबाद जा रहा था।

## रफीक मंडेलिया ने मक्का व मदीना में की उमराह जियारत



जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने उमराह हज यात्रा पर इस मुबारक महीने माहे रमज़ान के मौके पर गए। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि रफीक मंडेलिया के साथ इरशाद, जावेद मंडेलिया, यायाह खान, दिलावर सहित ने मदीना व मक्का में उमराह जियारत के दौरान काबा शरीफ की जियारत कर देश व प्रदेश और चूरू की आवाम अवाम के लिये दुआए खैर की। चौहान ने बताया कि मक्का व मदीना में इस दौरान चूरू जिले और प्रदेश भर के अनेक परवासीओ ने इनका इस्तकबाल किया।

# गणगौर की बिंदोरी में प्रतियोगिताएं, विजेताओं को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** वन विहार विकास समिति की ओर से वन विहार कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में गणगौर की बिंदौरी निकाली गई। कार्यक्रम में कॉलोनी की सभी महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान चंद्र कोच गौरजा, बणी ठणी और नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। बनी ठणी प्रतियोगिता में सोनू शर्मा प्रथम, मनोज कंवर द्वितीय व अनिता तृतीय स्थान पर रही। वहीं गौरजा पुरस्कार में लक्ष्मी प्रथम व चंदा गुर्जर द्वितीय स्थान पर रही। नृत्य प्रतियोगिता में भूमि शर्मा प्रथम, पूजा द्वितीय व प्रियंका तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में सभी नव विवाहिताओं व महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना की। कार्यकारिणी समिति अध्यक्ष किशन लाल बाबल, उपाध्यक्ष असगर जोईया व मंत्री जसवंत सिंह राठौड़ ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। कार्यक्रम में इंदिरा सारण व शशि चंदेल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन रेलवे सीटीआई आनंदबाला ने किया।

## प्रतिभा नगर में हुआ नानी बाई के मायरे का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रतिभा नगर स्थित वार्ड नंबर 56 के प्राचीन हनुमान मंदिर में गुरुवार को नानी बाई के मायरे का शुभारंभ हुआ। मायरा वाचक वंदना शर्मा ने नानी बाई के मायरे का वाचन किया। मंदिर के पुजारी गोपाल पीपलवा ने बताया कि मायरे के प्रथम दिन भगवान श्री कृष्ण की ओर से नरसी को केदारा राग देकर भक्ति की राह दिखाई। उन्होंने बताया कि नरसी मेहता की भगवान के प्रति गहरी भक्ति इस कथा का मुख्य बिंदु है। उन्होंने कहा कि हमेशा भगवान पर भरोसा करना चाहिए और कठिनाईयों का सामना करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर मायरा वाचक वंदना शर्मा ने भजनों के माध्यम से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य पृथ्वीराज नवहाल, कमल पीपलवा, कैलाश चन्द्र नवहाल, नीरज पीपलवा, रोहित पीपलवा आदि उपस्थित रहे। मंदिर के पुजारी गोपाल पीपलवा ने बताया कि कथा का समय 2 से शाम 5 बजे तक रहेगा। गुरुवार शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन गोपाल पीपलवा व उनके सहयोगियों की ओर ले किया जाएगा। 28 मार्च शाम 7:15 बजे रामायण और 29 मार्च रात्रि 9 बजे ढ़प नृत्य का आयोजन किया जाएगा। 30 मार्च रात्रि 9 बजे भजन कीर्तन व रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मेहुल शर्मा, आशीष डीडवानिया व राकेश दाधीच की ओर से भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

## गीतांजली स्कूल की छात्रा गोल्ड मेडल से सम्मानित




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मालजी के कमरे के पास स्थित गीतांजली पब्लिक सी.सै. स्कूल की छात्रा भावना वर्मा ने बीए.में विश्वविद्यालय टॉप कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने माता-पिता, गुरूजनों व अपने परिवार का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबन्धक विनय गौतम ने बताया कि भावना वर्मा को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में टॉप करने पर राजस्थान के राज्यपाल की ओर से गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रा को उसकी डिग्री प्रदान की गई और छात्रा ने इसका श्रेय अपने दादा बेणीप्रसाद वर्मा व अपनी दादी फूलवती देवी और अपने माता-पिता सूरज वर्मा व संगीता रोहिल्ला को दिया। छात्रा को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमेन दामोदर गौतम ने छात्रा को माला पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के निदेशक गौरव गौतम ने बच्ची का मिठाई खिलाई व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वन्दना गौतम, डॉ. नेहा गौतम, प्रताप सिंह कंकर, पंचम शर्मा, राधेष्याम शर्मा, राकेष यादव, दिवाकर शर्मा, कृष्णा वर्मा, गरिमा दाधिच, सुशीला शर्मा, विजय शर्मा व आदित्य शर्मा व स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहे।

## गौवंश के लिए आईसीयू वार्ड की रखी नींव



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गुलेरिया के पास निराश्रित गौवंश चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड की नींव रखी गई है। श्री ज्ञान प्रवाह वेद पीठम चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालिक गौवंश चिकित्सालय के संचालक पंडित शशिकांत ने बताया कि इसका निर्माण छापर निवासी प्रहलाद रय रतावा की ओर से करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में एडीएम मंगलाराम पूनिया, महंत कमलेश्वर भारती, पंडित बृजमोहन सुरोलिया, सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह, संत महावीर जती महाराज, संत सिद्धेश्वरानंद महाराज अतिथि के रूप में मौजूद रहे। गौ चिकित्सालय के निर्माण व संचालन में मदद करने वाले रामेश्वर लाल भामा, सुरेश सोनी, शर्मिला सोनी, स्नेहप्रभा मिश्रा, शंकर लाल मोदी, भारत भूषण, हंसराज सोनी, शंकर सोनी का सम्मान भी किया गया। अतिथियों का स्वागत सुरेश अरोड़ा, सुभाष बरमेचा, रामकरण कालेर, सुरजाराम बीरड़ा, अरविंद सोनी, गोपाल सोनी, जेपी पारीक, जोधराज जाजू, नवरत्न पुरोहित, पवन सोनी, प्रेम प्रजापत, झूमाराम गुलेरिया, विजय चौहान, मनीष दाधीच, भगाराम बुरड़क, भरत प्रजापत, भरत सोनी, बाबूलाल सैनी, कमल डागा, मूलचन्द तिवाड़ी, कन्हैयालाल स्वामी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

## दुर्लभ सत्संग को लेकर निकाली कलश यात्रा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सोती भवन में 28 मार्च से 3 अप्रैल तक होने वाले दुर्लभ सत्संग को लेकर गुरुवार को गढ़ स्थित गोपाल जी मंदिर से विशाल कलश यात्रा निकली गई, जो गढ़ चौराहा, सफेद घंटाघर, सब्जी मंडी, भाईजी चौक, झारिया मोरी सहित मुख्य मार्गों से सोती भवन पहुंचीं। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान महिलायें सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई कदम से कदम मिलाकर चल रही थी। गौरतलब है कि ऋषिकेश के स्वामी विजयानंद गिरी महाराज अपने मुखारविंद से सत्संग की प्रस्तुति देंगे। कलश यात्रा को विधायक हरलाल सहारण ने जयकारे के साथ बाबा की झंड़ी दिखाकर रवाना किया।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
28 मार्च, 2025

# मौसम में बदलाव के दौरान चिकित्सा संस्थानों में हो पूरे इंतजाम : सुराणा

## सपा सांसद रामजीलाल सुमन का फूंका पुतला



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर तहसील कार्यालय गढ के आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से पराक्रमी योद्धा राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध जताया गया और पुतला फूँककर नारेबाजी की गई। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि महाराणा सांगा वीर पराक्रमी योद्धा थे। उन्होंने सीने पर 80 घाव सहन किए थे, लेकिन हार नहीं मानी थी। अन्तिम क्षण तक वो मातृभूमि सेवार्थ लड़ते रहे, राणा सांगा का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। जांगिड़ ने समाजवादी सांसद के निलंबन और क्षमा की मांग की। शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल व क्षत्रिय संघ अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा सांगा अत्यंत वीर योद्धा थे, हम सब उनके विवादास्पद बयान से आहत हैं। सांसद का निलंबन होना चाहिए और माफ़ी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण,पार्षद सुशील सरावगी, मातु सिंह राठौड़, शंकरलाल महर्षि, अजीत सिंह राठौड़, मो.तैयब, भंवरलाल पुनियां, पार्षद शिवकुमार शर्मा, कुलदीपसिंह राठौड़, रमाकांत पेडीवाल, किशनसिंह राठौड़, साबिर हुसैन, लक्ष्मण सिंह खींची, प्रेम सिंह भाटी, दिलदार सिंह राठौड़, मो.फारूख, पुनीत राहड, विजय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बदलते मौसम के साथ चिकित्सा संस्थानों पर गर्मी से प्रभावित मरीजों के लिये सभी इंतजाम पूरे रखने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को डीओआईटी वीसी सभागार में वीसी के जरिए सभी चिकित्सा अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लू व तापघात से प्रभावित मरीजों के लिए चिकित्सा संस्थान के वार्डो में कूलर व पंखों सहित दवा की उपलब्धता की समुचित व्यवस्था की जाए। बदलते मौसम और तापमान में वृद्धि को देखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम व बचाव के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से समुचित तैयारियां व गतिविधियां की जाए। उन्होंने इसके लिए सभी बीसीएमओ को निर्देश दिए। इसके अलावा बारिश के मौसम के पहले सभी राजकीय संस्थानों के छतों की सफाई करवाई जाए, जिससे पानी का ठहराव नहीं हो।

### चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

जिला कलक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे संस्थान जहां तकनीकी समस्या के कारण टीआईडी जनरेट नहीं होने के संबंध में निर्देश दिये। बैठक में टीकाकरण, परिवार कल्याण, मातृ मृत्यु दर व मातृ स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, एम्बुलेंस सेवाओं, अनिमिया मुक्त राजस्थान अभियान, आशान्वित ब्लॉक राजगढ़ में सभी चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण पूरा होने पर राज्य स्तरीय टीम सें नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस टीम से निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में सीडीपीओ सीमा सोनगरा ने पोशण अभियान के बारे में बताया।

### सभी चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई का रखें ध्यान

जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों में साफ-सफाई करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी दवाओं की उपलब्धता करवाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमएम पुकार, राजकीय डेडराज भरतिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ दीपक चौधरी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एहसान गौरी, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश, उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झुरिया, आरसीएचओ डॉ राजेश गुप्ता, डॉ विश्वास मथुरिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, डीपीसी प्रेमशंकर शर्मा, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## चूरू के बाल मुकुंद ओझा लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, लोकमत मीडिया समूह के एडिटोरियल बोर्ड के चेयरमैन और पूर्व सांसद डॉ विजय दर्डा और एडिटर इन चीफ राजेंद्र दर्डा ने बुधवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में चूरू के मूल निवासी, वरिष्ठ लेखक, स्तम्भकार और स्वतंत्र पत्रकार बाल मुकुंद ओझा को राजस्थान की हिन्दी पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वतंत्रता सेनानी जवाहर लाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार 2016 - 2017 से सम्मानित किया। बाल मुकुंद ओझा पिछले 55 से भी अधिक वर्षों से पत्रकारिता, साहित्य और जनसम्पर्क के क्षेत्र में सक्रिय है और सूचना व जनसम्पर्क विभाग में संयुक्त निदेशक के पद से 2013 में सेवानिवृति के बाद देशभर के समाचार पत्रों से स्तम्भकार के रूप में जुड़े है। समारोह में ओझा को 11 हजार की सम्मान राशि, सम्मान पत्र व ट्राफी प्रदान की गई।

## बालक-बालिका वर्ग में खेल अकादमियों में चयन के लिए स्पर्धा 7 से 21 अप्रैल तक

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से संचालित खेल अकादमियों में एडमिशन के लिए चयन स्पर्धा 07 से 21 अप्रैल 2025 को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। कबड्डी अकादमी प्रभारी सरस्वती मुण्डे ने बताया कि स्पर्धा में भाग लेने वाले इच्छुक बालक बालिका अपना आवेदन एप व राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन पत्रा ऑनलाईन भरकर प्रिंट के साथ ही मेडिकल हेल्थ फिटनेस प्रमाण पत्रा भी लिंक से डाउनलोड कर सकते है। आवेदन करने वाले खिलाड़ियों की आयु 01 जनवरी, 2025 को बालिका वर्ग हेतु न्यूनतम 13 वर्ष व अधिकतम 17 वर्ष और बालक वर्ग के लिए न्यूनतम 12 वर्ष व अधिकतम 16 वर्ष होनी चाहिए। चयन स्पर्धा के समय आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, गत वर्ष की अंक तालिका, पासपोर्ट साइज दो फोटो, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा खेल प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि लाना अनिवार्य है।

### इन खेलों के लिए होगी चयन स्पर्धा

कबड्डी अकादमी प्रभारी सरस्वती मुण्डे ने बताया कि 07-08 अप्रैल को फुटबॉल अकादमी कोटा (बालिका), फुटबॉल अकादमी जोधपुर (बालक), कुश्ती अकादमी भरतपुर (बालक) साइकिलिंग अकादमी बीकानेर (बालक) के लिए, 09 -10 अप्रैल को एथलेटिक्स अकादमी गंगानगर (बालक), एथलेटिक्स अकादमी अजमेर (बालक), एथलेटिक्स अकादमी जयपुर (बालिका), पैरा स्पोर्टस अकादमी जयपुर के लिए, 15-16 अप्रैल को वॉलीबॉल अकादमी झुंझुनू (बालक), वॉलीबॉल अकादमी जयपुर (बालिका), तीरंदाजी अकादमी उदयपुर, डूंगरपुर (बालक), तीरंदाजी अकादमी जयपुर (बालिका) के लिए, 17-18 अप्रैल को हॉकी अकादमी जयपुर (बालक), हॉकी अकादमी अजमेर (बालिका), कबड्डी अकादमी करौली (बालक), कबड्डी अकादमी राजगढ़ चूरू (बालक-बालिका) के लिए, 20-21 अप्रैल को हैडबॉल अकादमी जैसलमेर (बालक), हैडबॉल अकादमी जयपुर (बालिका), बास्केटबॉल अकादमी जैसलमेर (सीनियर बालक, जूनियर बालक), बास्केटबॉल अकादमी जयपुर (बालिका) के लिए स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा।

## सूचना केन्द्र में किया एयर कंडीशनर भेंट, संयुक्त निदेशक मनोज मोहश्वरी का अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित सूचना केन्द्र में डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने अपने माता-पिता सुशीला देवी व रामस्वरूप माहेश्वरी की स्मृति में एयर कंडीशनर भेंट किया। इस अवसर पर एपीआरओ मनीष कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामचंद्र गोयल, वरिष्ठ सहायक मंगेज सिंह, संजय गोयल, बजरंग मीणा, विजय रक्षक, सिंकदर खान आदि जनसंपर्ककर्मियों ने संयुक्त निदेशक माहेश्वरी का माला पहनाकर अभिनंदन किया। एपीआरओ मनीष कुमार ने संयुक्त निदेशक मनोज माहेश्वरी का सहयोग व अनुकरणीय कार्य के लिए आभार प्रकट किया। जनसंपर्ककर्मियों ने डीओआईटी एसीपी नरेश दुहानिया, प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, प्रेरक सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, सहायक प्रोग्रामर प्रमोद प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर निर्मल कुमार, सहायक प्रोग्रामर गुरप्रीत लबाना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मनोज कुमार माहेश्वरी ने कहा कि उनके माता-पिता की सेवा भावना से ही एक प्रयास किया है। संसाधनगत विकास में सहयोग से देश-प्रदेश की सेवा एक अच्छी पहल साबित होगी।

## साईबर ठग से रिफंड कराए 50 हज़ार रुपए



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पुलिस ने साईबर ठगी के 50 हजार रुपए की राशि वास्तविक मालिक के खाते में हस्तांतरण करवाई है। पुलिस ने बताया कि मैणासर निवासी विकास कुमार ने 23 मार्च को साईबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत कर बताया कि मेरा परिचित, जो पिछले एक साल से विदेश में रहता है। उसके मोबाइल नंबर से मेरे पास फोन आया कि उसके पिता बीमार है और अस्पताल में भर्ती होने का वीडियो डालकर उसके ईलाज के लिए 50 हजार रुपए ऑनलाईन ले लिए। थोड़ी देर बाद इस संबंध में जानकारी ली, तो पता चला कि उसके साईबर फ्रॉड हुआ है। साईबर पॉर्टल पर दर्ज करवाए गए परिवाद में सामने आया कि परिचित के नंबर जो उसके विदेश जाने के बाद कई दिनों तक उपयोग नहीं करने पर टेलीकॉम विभाग ने उसे बंद कर दिया था और उन्हीं नंबरों की नई सीम फ्रॉड करने वाले व्यक्ति ने खरीद ली। उन्हीं नंबरों को ट्रांजेक्शन एप में रजिस्टर्ड कर सिम धारक के परिचितों से फ्रॉड करने लगा, जिस पर थानाधिकारी दिलीपसिंह ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए संदिग्ध व्यक्ति की लोकेशन के आधार पर वहां की स्थानीय पुलिस से लगातार संपर्क कर आरोपी से विकास कुमार पुत्र मोतीलाल खीचड़ निवासी मैणासर तहसील रतनगढ़ के खाते से 50 हजार रुपए की राशि रिफंड करवाने में सफलता प्राप्त की है।

## गणगौर स्नेह मिलन समारोह 31 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा गढ़ में 31 मार्च को अपरान्ह सवा तीन बजे पूनित पर्व गणगौर के शुभ अवसर पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस दौरान गणगौर माता व ईसर जी की भव्य सवारी निकाली जाएगी तथा मेला भी भरेगा। यह जानकारी महिपाल सिंह तोलियासर ने दी।

## फ्रेंड्स फोरेवर सोसायटी करवाएगी विद्यालय में मंच का निर्माण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में एक नए मंच का निर्माण होने जा रहा है। फ्रेंड्स फोरेवर सोसायटी ने अपने दो दिवंगत सदस्यों अरुण सोनी और सुनील जांगिड़ की स्मृति में यह सराहनीय पहल की है। गिड़गिचिया रोड पर स्थित विद्यालय में पंडित राकेश मिश्रा ने संस्था के सदस्यों की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न करवाया। विद्यालय की संस्था प्रधान इंद्रावती बांगड़वा ने बताया कि मंच 27म18 के आकार का होगा और इसमें टीन शैड भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रसन्न धूत, सचिव राजन जांगिड़, कोषाध्यक्ष विजय चौधरी, राजेश पारीक, सहसचिव नन्दलाल प्रजापत, महावीर सोनी, अमित आंचलिया, गौरीशंकर भोजक आदि इस पुन्य कार्य के साक्षी बने। विद्यालय की वार्डन नीतू पूनियां, अध्यापिका रुक्मणी प्रजापत, संपत रैगर, सीमा डूंखवाल, सुमन सहित पूर्व सरपंच मदनलाल पारीक ने इस पहल के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया।

## 50 किलो अवैध डोडा पोस्त जब्त, दो गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** पुलिस ने गश्त चैकिंग के दौरान कार्रवाई करते हुए 55 किलो डोडापोस्त के पास दो जनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से डोडापोस्त व बाईक को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नेशनल हाईवे 11 पर श्रीडूंगरगढ़ बॉर्डर के पास गश्त चैकिंग के दौरान एक बाईक पर सवार दोनों जनों को रूकवाकर पूछताछ की। आरोपियों के पास एक कट्?टे की तलाशी ली, तो उसके 55 किलो 83 ग्राम डोडापोस्त मिला, जिस पर पुलिस ने बाईक पर सवार बजरंगलाल व विष्णु को गिरफ्तार कर डोडापोस्त व बाईक को जब्त कर लिया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच छापर थानाधिकारी गीतारानी के सुपुर्द की है।

## राष्ट्रीय सेमिनार में तारानगर सीबीईओ सुमन जाखड़ ने किया प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् और गांधी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेमिनार- 2025 में तारानगर सीबीईओ सुमन जाखड़ ने प्रतिनिधित्व किया। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय सेमिनार- 2025 की थीम 'ट्रांसफार्मिंग टीचर एज्युकेशन टुवाईस विकसित भारत -2047' है। इस सेमिनार में एनसीटीई पश्चिमी रिजन के आठ राज्यों के विश्वविद्यालयों, शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों व शिक्षण संस्थाओं के चयनित संकाय विशेषज्ञ, शिक्षाविद् व शिक्षा अधिकारी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके उद्घाटन सत्र में गुजरात राज्यपाल आचार्य देवव्रत, गुजरात शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल पंसेरिया, एनसीटीई अध्यक्ष प्रो पंकज अरोड़ा, विद्यापीठ विश्वविद्यालय गुजरात के कुलपति हर्षद पटेल उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति - 2020 के सन्दर्भ में गुणवत्तापूर्ण, रोजगार और भारतीय मूल्य परक शिक्षा पर विचार मनन करना है। गौरतलब है कि सम्पूर्ण राजस्थान से गये आठ सदस्य दल में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ के निर्देशन में चूरू का प्रतिनिधित्व सीबीईओ डॉ सुमन जाखड़ कर रही है।

## जिला स्तरीय तीन दिवसीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय तीन दिवसीय कब बुलबुल उत्सव का आयोजन एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भरत गौड़ निदेशक शाकंभरी विद्यापीठ व अध्यक्ष निजी शिक्षण संस्थान ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गौड़ ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधि के माध्यम से बालकों में देश सेवा देश प्रेम की भावना का बीजारोपण किया जाता है जो जीवन में चिरस्थाई होता है। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि शिविर में 6 से 10 वर्ष के 155 कब बुलबुल भाग ले रहे हैं। शिविर में विभिन्न विषयों जैसे नियम प्रतिज्ञा, भोजन मंत्र, भलाई के कार्य, कलाबाजी, पेड़ पर रस्सी से चढ़ना, रीफ नोट क्लो हीच, मोगली की कहानी, साइकिल चलाना आदि का दक्ष प्रशिक्षक की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षक रामकरण सरावग, रतनलाल घींटाला, विनोद कुमार मीणा, इंदूवाला वर्मा, पुष्पा पूनियां, रामजस बरोड़, सुरेश कुमार घोटड़, विनोद नानवाल, देवेश जोशी, प्रेम प्रकाश नाई, कैलाश मीणा, रवि रैगर आदि की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय संघ की ओर से भरत गौड़ का सम्मान किया गया।

## भामाशाह ने किया जल मंदिर का शुभारंभ

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उदासर चारणान में जल मंदिर का उद्घाटन भामाशाह बुधमल दुगड़ की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शांतिलाल सेठिया, लक्ष्मीपत आंचलिया, अक्षय बुच्चा, प्रमोद दुगड, हेमन्त चोटिया, मुरली बोचीवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धीरज शेखावत ने बताया कि समाजसेवी बुधमल दूगड़ की ओर से स्थानीय गौशाला में ट्यूबवेल, विद्यालय में जल मंदिर, रामदेव जी मंदिर का जीर्णोद्वार, पक्षियों के लिए चुग्गाघर व चबूतरा निर्माण आदि कार्य करवाए गए हैं।

## ब्लैकमिंग कर रूपए हड़पने वाली महिला रिमांड पर

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के एक वकील को ब्लैकमेल करते हुए 60 हजार रुपए लेते हुए बुधवार को पुलिस ने एक विवाहिता को गिरफ्तार किया था, जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। सीआई दिलीपसिंह ने बताया कि 58 वर्षीय व्यक्ति को हनीट्रेप मामले में फंसाने की धमकी देकर 9 लाख तीन हजार रुपए की मांग कर रही आरोपी 34 वर्षीय महिला को बुधवार दोपहर गढ़ के सामने 60 हजार रुपए लेते हुए गिरफ्तार किया था, जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।